दैनिक
# खबरों की दुनिया

रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं!

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय


खबरों की दुनिया

500 वर्ष बाद राम का जन्म दिन भव्य मन्दिर में मनेगा

## चुनावी माहौल और रामनवमी का शुभ दिन

**आज पूरे देश** में भगवान राम का जन्मदिन मनाया जायेगा। नौ-दिन के नवरात्रों के बाद यह शुभ दिन आयेगा जब माता कौसल्या का लाल इस धरती पर अवतरित हुए थे। मर्यादा पुरूषोतम राम के नाम से जाने-जाने वाले भगवान ने पूरे जीवन मर्यादाओं का पालन किया। माता कैकयी के कहने से 14 वर्ष वनवास में काटे। भारत की आजादी के बाद भी अपनी जन्म स्थली अयोध्या में एक तिरपाल के नीचे समय बिताया। लेकिन 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में भव्य मूर्ति स्थापित हुई। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलो से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों राम भक्त रोजाना उनके दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। आज देश में लोकसभा के चुनावों का दौर चल रहा हैं। चुनावों में एक पक्ष रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को अपने पक्ष में भुनाने की भरसक कोशिश कर रहा है तो दूसरे पक्ष पर राम विरोधी होने का आरोप लग रहा हैं।


डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक



### 13 मार्च को खबरों की दुनिया के सम्पादक डॉ. भारतीय ने भी किये रामलला के दर्शन

13 मार्च का दिन मेरे जीवन में अत्यन्त शुभ दिन था। जब बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लखनऊ से 176 किमी दूर अयोध्या के लिये अपनी कार में रवाना हो गए। सम्पादक डॉ. भारतीय के साथ अयोध्या से प्रकाशित होने वाले एक लोकप्रिय अखबार के सम्पादक भी थे। प्रेस काउन्सिल का सदस्य होने के कारण अयोध्या के पुलिस महानिदेशक ने वीआईपी दर्शन की अनुमति दी। बिना किसी रोक-टोक के डॉ. भारतीय रामलला के द्वार पहुंच गए। भारी भीड़ थी लेकिन पुलिस ने वीआईपी दर्शन करवाए। रामलला के दर्शन कर डॉ. भारतीय भी भाव विभोर हो गए। रामलला निर्माण समिति के प्रभारी गुप्ता जी ने डॉ.भारतीय का राम नाम का शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया तथा अपना आशीर्वाद दिया। अभी रामलला के दर्शन करने भीड़ उमड़ रही हैं, लेकिन आसपास न प्रसाद न फूलों और न ही खाने-पीने की कोई दुकाने हैं। अयोध्या जाने वाले विमान भी बन्द कर दिये गये। निःशुल्क बसे भी बन्द हैं। रामनवमी के पावन दिन पर मर्यादा पुरूषोत्तम राम को यादकर भाव विभोर हैं।

### जय श्री राम, जय खाटूश्याम की जय के बीच चल रहा हैं चुनाव प्रचार

गुलाबी नगरी में लोकसभा चुनाव वैसे तो भाजपा और कांग्रेस में बंटा हुआ है लेकिन जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है चुनाव प्रचार तेजी से चल रहा हैं। रामनवमी के एक दिन बाद जयपुर शहर में वोट डाले जायेगें वैसे ही अगले दिन से चुनावी हल्लागुल्ला बंद हो जायेगा। लेकिन इन चुनावों ने जयपुर वासियों को दो टुकड़ो में बांट दिया हैं। गृहमंत्री अमित शाह की परकोटे की रैली में जहां जय श्री राम के नारे लगे वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापसिंह खाचरियावास खाटूश्याम बाबा की जय के नारे लगवा रहे हैं। राम कहो या श्याम दोनो एक ही प्रभु के नाम है। दोनो के भक्त पूरे विश्व में मौजूद है लेकिन वोटो के खातिर दोनो को ही याद कर राम-श्याम के नारे लगवाएं जा रहे हैं।

### गुलाबी नगरी कांग्रेस की बड़ी रैली से वंचित

जयपुर के लाड़ले विधायक एवं पूर्व स्वायत शासन मंत्री रहे स्वं भंवर लाल शर्मा अर्थात भंवर जी भाईसाहब की लाड़ली बेटी मंजू शर्मा अचानक पिता की विरासत को सजोने चुनावी मैदान में कूद पड़ी। राजनीतिक दृष्टि से इतनी प्रख्यात नहीं रही लेकिन पिता की जन्म एवं कर्म भूमि का लाभ उन्हे मिल रहा है। गृहमंत्री अमित शाह की रैली जौहरी बाजार से छोटी चौपड़ तक हुई। रैली यह सिद्ध करती है कि जयपुर आज भी अपनी विरासत को नहीं भूला हैं। लेकिन दूसरी और कांग्रेस ने आजतक जयपुर में कोई बड़ी रैली नहीं निकाली हैं हो सकता है कांग्रेस ने जयपुर लोकसभा सीट को प्रताप सिंह खाचरियावास के भाग्य पर छोड़ दिया हैं। ग्रामीण सीट पर सचिन पायलट जरूर जोर लगाते दिखाई दे रहे हैं फिर भी हम यही कहेंगे-

**'' होइहि सोइ जो राम रचि राखा।''**

## यूपीएससी का रिजल्ट जारी

**टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस अफसर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन-2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 कैंडिडेट्स इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस , इंडियन पुलिस सर्विस और इंडियन फॉरेन सर्विस के लिए चुने गए हैं।

180 आईएएस और 200 आईपीएस अफसर बनेंगे। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वहीं,




अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है।

इस साल टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस ऑफिसर हैं।

लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी

# नक्सली कमाण्डर सहित सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को किया ढेर

### 25 लाख के दो इनामी मारे गए



एजेंसी

**कांकेर।** लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव बरामद हो गए हैं। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने इसे बस्तर पुलिस का नक्सलवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक बताया है।

मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए हैं। इनमें 2 डीआरजी के जवान हैं। मौके से 5 एके-47 बरामद की गई। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया। डीआरजी का घायल जवान सूर्यवंशी श्रीमाली धमतरी जिले के नगरी का रहने वाला है।

### कांकेर सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा

19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 4 ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किए हैं।


ललिता शंकर राव

### 25 लाख का इनामी ढेर

एसपी कल्याण एलिसेला ने पुष्टि की है कि एनकाउंटर में अब तक 29 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 25 लाख का इनामी नक्सलियों का टॉप कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक बीएसएफ और डीआरजी की टीमों द्वारा 16 अप्रैल को कांकेर के गांव बीनागुंडा में एक जॉइंट ऑपरेशन शुरु किया गया था। नक्सलियों के इस एनकाउंटर को लेकर बस्तर के इंस्पेक्टर जनरल ने कहा कि हम नक्सलियों के लिए कोई भी कोना सुरक्षित नहीं रहने देंगे।

### साढ़े पांच घंटे चली मुठभेड़

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ साढ़े 5 घंटे चली। डीआईजी इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया, पिछले कुछ दिनों से कांकेर इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट के इनपुट्स मिल रहे थे। इसके बाद पुलिस और बीएसएफ ने ऑपरेशन की तैयारी की। इसी के तहत ऑपरेशन प्लान किया गया। नक्सलियों को मंगलवार दोपहर करीब एक बजे घेर लिया गया। 2 बजे मुठभेड़ शुरू हुई और शाम को 7.30 बजे तक यह चली। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव भी बरामद भी किए।

### डिप्टी सीएम ने सुरक्षाबलों को दी बधाई

दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस बहादुरी दिखाने के लिए सुरक्षा बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मैं सुरक्षा बलों को उनकी बहादुरी के लिए बधाई देता हूं। मैंने नक्सलियों से हमेशा कहा है कि हम बातचीत और चर्चा के लिए तैयार हैं। हम नक्सलियों के समूह के एक-एक व्यक्ति से बात करने के लिए तैयार हैं। हम उनसे वीडियो कॉल पर बातचीत करने को भी तैयार हैं।' उन्होंने कहा कि आज बस्तर में कई लोगों के पास बुनियादी जल आपूर्ति भी नहीं है। इसमें कुछ भी राजनीतिक नहीं है। हम बस्तर में विकास लाने के लिए सब कुछ करेंगे।'

इंडिया गठबंधन हार-हताशा का प्रतीक

## बीजेपी गुजरात की सभी सीट भारी मतों से जीतेगी: भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**पालनपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति कर देश को नुकसान पहुंचाया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है और भारत का गौरव विश्वभर में बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को गुजरात के पालनपुर में बनासकांठा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी डॉ. रेखा बेन के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को ध्येय बनाते हुए बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति को भरपूर राहत और उनका उत्थान करने का अतुलनीय काम किया है। आज जब मोदी सरकार 80 करोड़ से अधिक देशवासियों को मुफ्त राशन



देती है तो वो किसी से जाति-धर्म नहीं पूछती। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब के कल्याण और उनकी सेवा के कोई कसर नहीं छोड़ी है। सामाजिक सुरक्षा हो या सामरिक सुरक्षा, हर क्षेत्र में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। वर्ष 2014 से पहले देश को आतंकवादी घटनाओं का आए दिन सामना करना पड़ता था। आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे, लेकिन आज कोई भी दुश्मन हमारे देश की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देती थी, जबकि कांग्रेस का गरीब से कोई सरोकार नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वंचितों और किसानों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ देखा और उनकी सभी समस्याओं को समाधान कर उनका भला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया और कांग्रेसियों में से राम भी निकल गए। वहीं, सोमनाथ, महाकाल (उज्जैन) मंदिर के कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से भारत की सांस्कृतिक विरासत पुनः स्थापित करने का पुण्य प्रधानमंत्री ने किया। शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज ये नरेन्द्र मोदी उन नरेन्द्र की बात को धरातल पर साकार कर रहे हैं। देश का गौरव विश्वभर में निरंतर बढ़ रहा है।

### मतदान के आगामी दिवस को मतदान दल कार्मिकों के लिए माना जाएगा ड्यूटी दिवस

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा निर्वाचन विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान प्रथम चरण हेतु मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 के आगामी दिवस 20 अप्रैल, 2024 तथा द्वितीय चरण हेतु मतदान दिवस 26 अप्रैल, 2024 के आगामी दिवस 27 अप्रैल, 2024 को भी मतदान दल कार्मिकों के लिए ड्यूटी दिवस माना जाएगा।

### राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस महानिदेशक साहू ने दी बधाई

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर महानिदेशक साहू ने पुलिस कर्मियो को बधाई एवं शुभकामनाए दी। डीजीपी साहू ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि राजस्थान पुलिस ने अपनी 75 वर्षों की गौरवमयी यात्रा में प्रदेश में कानून- व्यवस्था, शांति, आपसी प्रेम और भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया है।

प्रेस काउन्सिल ऑफ इण्डिया ने

## डॉ. भारतीय को हिमाचल का पर्यवेक्षक बनाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रेस काउन्सिल ऑफ इण्डिया ने वरिष्ठ सदस्य डॉ.एल.सी. भारतीय को हिमाचल प्रदेश का लोकसभा चुनावों के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किया हैं। डॉ. भारतीय पूरी चुनाव प्रक्रिया की मानिटरिंग करेगें। राज्य चुनाव आयोग की मीटिंगों में भाग लेगें।



### रामनवमी पर सूर्यदेव करेंगें रामलला का अभिषेक

एजेन्सी

अयोध्या। रामनवमी 17 अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे प्रभु राम का जन्मोत्सव ऐतिहासिक ढंग से मनाया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की किरण भगवान राम लला का तिलक करेंगी। वैज्ञानिकों ने दर्पण के जरिए सूर्य की किरण को भगवान के मस्तक पर पहुंचा दिया है। यह किरण लगभग 4 मिनट तक रामलला के ललाट की शोभा बढ़ाएगी और रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे इसे



भगवान श्री राम के मस्तक पर तिलक करते हुए लोग देख सकेंगे। इसका सफल ट्रायल भी हो गया है। 'भय प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी' जैसे स्तुति जब दोपहर 12 बजे सुनाई देगी तो उस दौरान भगवान सूर्य भी प्रभु राम के जन्म का साक्षी बनेंगे।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस

# चुनाव के लिए वादे करना, जनता को गुमराह करना, वोट लेना और उसके बाद भूल जाना कांग्रेस इसी में माहिर हैः निर्मला सीतारमण

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम का वादा किया था। इसको लेकर कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने कहा था कि ऐसा मत करो। अब कांग्रेस ने अपना मेनिफेस्टो रिलीज करते हुए इस स्कीम पर अभी बात करने को प्री-मैच्योर माना है। निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही।




**सीतारमण ने कहा-** सिर्फ चुनाव के लिए वादे करना, जनता को गुमराह करना। वोट लेना और उसके बाद भूल जाना। इसमें कांग्रेस पार्टी माहिर है। एक उदाहरण रखना चाहती हूं, जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी तो उन्होंने एक गलत और नामुमकिन वादा किया और उसे लागू करने का वादा किया। उस समय उनकी पार्टी के सीनियर लोगों ने भी कहा था, ऐसा मत करो। वो नई पेंशन स्कीम को छोड़कर पुरानी पेंशन स्कीम में चले गए। उन्हें देखकर कांग्रेस ने हिमाचल में भी ये ही वादा किया और वहां चुनाव जीत लिया।

### सीतारमण बोलीं- 2014 से पहले देश होप लेस था

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश होप लेस था। पिछले 10 सालों में देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास के साथ आगे बढ़ा है। आज निराशा नहीं है, अब लोगों को आशा है। हर तरफ सकारात्मकता है। अंतिम तिमाही में अर्थव्यवस्था ने 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। यह बताता है कि भारतीय किस गति से ग्रोथ करना चाहता है।

### गहलोत के कारण 5 साल रुका ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट के काम में रुकावट पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी को लेकर मध्य प्रदेश और राजस्थान में सहमति के लिए 2019 से 2023 तक बहुत कोशिश की गई, लेकिन पूर्व सीएम अशोक गहलोत तैयार नहीं थे। वो सामने आने को तैयार नहीं थे, जिसके कारण प्रोजेक्ट 5 साल रुका रहा। जो काम जनवरी में हुआ, वो पहले भी हो सकता था। निर्मला सीतारमण ने कहा- राजस्थान में पानी की कमी को दूर करने के लिए कोई भी सीएम क्यों न हो, वो आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, रुकावट पैदा नहीं करेंगे। अशोक गहलोत ने सिर्फ रुकावटें ही पैदा की।

खबरों की दुनिया
**एक नजर**

## विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित



खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** सर्व सम्मति से स्थानीय विद्यालय की उत्तर दिशा में स्थित खेल मैदान में अतिक्रमण हखाकर खेल जालीदार तारबन्दी लगवाने, खेल मैदान में खे राति विधि संचालित करने हेतु वॉलीबॉल, खो-खो, कबड़ी आदि खेलो हेतु खेल ग्राऊण्ड विकसित करवाने तथा खेल मैदान के संरक्षण हेतु चौकीदार नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव लिए गए तथा तत्काल कार्यवाही शुरु की गई। कार्यवाही के दौरान श्याम सुंदर पूनिया श्याम सुंदर शर्मा नीरज खरथला संजय तिवारी रंजना जांगिड़ सोहनलाल रेगर उपस्थित रहे।

## शत-प्रतिशत मतदान जागरूकता के लिए घर-घर पहूंचा अभियान : विनोद नायक




खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला कलेक्टर निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान के निर्देशानुसार मजबूत लोकतंत्र के लिए डोर टू डोर शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान को नायक विकास सेवा समिति अध्यक्ष विनोद नायक द्वारा, मतदाताओं के प्रति निडर निर्भीक स्वतन्त्र होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। समिति के अध्यक्ष विनोद नायक ने बताया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की यही पहचान मत, मतदाता, मतदान और उंगली पर निशान इस कार्यक्रम में संदीप नायक, रोहित सैन, विक्रम नायक सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के द्वारा शक्ति साधना कार्यक्रम



खबरों की दुनिया

**सीकर।** विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के सानिध्य में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर शक्ति साधना कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरित का कार्यक्रम रानी सती के पास नट बस्ती सीकर में किया गया जिसमे विश्व हिंदू परिषद सीकर जिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका मीनाक्षी शर्मा प्रखंड संयोजिका संध्या अवस्थी कल्याण नगर प्रखंड सहसंयोजीका पायल कुमावत उषा छिपा सरोज कुमावत निकिता स्वामी निशा उपस्थित रही।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता व देवस्थान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एसडी शर्मा आए सीकर



खबरों की दुनिया

**सीकर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं देवस्थान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व राजस्थान ब्राह्मण महासभा के संरक्षक एसडी शर्मा मंगलवार को सीकर आए। शर्मा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में यहां लोगों से मिलने के लिए आए। उन्होंने सुमेधानंद सरस्वती के रामलीला मैदान स्थित प्रधान चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। यहां से वे शहर में जनसंपर्क के लिए गए और उन्होंने मतदाताओं से स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के लिए चुनाव में समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के स्वर्णिम काल को देखें वही कांग्रेस सहित अन्य समर्थित दलों की सरकारों का कार्यकाल देखें। इन 10 सालों में जो देश की तस्वीर प्रधानमंत्री मोदी ने बदली है वह काफी वर्षों पहले हो जानी चाहिए थी, लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति के अभाव में पूर्ववर्ती सरकारों ने ऐसा नहीं किया। कहा की सीकर से भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में जिले का अभूतपूर्व विकास करवाया है और आगे भी वह इस विकास की कड़ी को निरंतर जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टियों का कार्यकाल देखना हो तो बंगाल में देखें। वहां पर किस तरह से उन्होंने भय व अराजकता का माहौल पैदा किया था जो आज तक भी कायम है। इस दौरान डॉ कैलाश पाटोदा, अशोक शर्मा, राजेंद्र शर्मा, उमाकांत शर्मा आदि मौजूद थे।


### भगवान राम की निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह जोरदार स्वागत

# सोभासरिया ट्रस्ट द्वारा होता है आयोजन, आज भी होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम

खबरों की दुनिया

**सीकर।** रामनवमी के अवसर पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान राम की भव्य शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से निकाली गई। बैजनाथ सोभासरिया ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में आगे-आगे सजे धजे हाथी, नृत्य करते ऊँट व घोड़ियों के साथ बैंड वादकों की धार्मिक धुनें सबका मन मोह रही थी व जो झांकियां थी, वह ऐसे प्रतीत हो रही थी, मानो वे जीवंत झांकियां हो, बड़ी संख्या में में माताओं व बहनों द्वारा हाथों में कलश लेकर एक ही परिधान में भगवान राम के जयकारों के बीच आगे बड़ रही थी, तो वहीं पुरुष भी एक ही ड्रेस व साफे में नजर आये। साथ ही दो गाड़ियों में प्रसाद व जलपान की व्यवस्था की गई तो हाथों हाथ जो कचरा इकट्ठा हुआ उसको भी उठाने के लिए विशेष गाड़ियां लगाई गई ताकि हमारा शहर स्वच्छ व सुंदर रहे, पर्यावरण का भी ध्यान रखा गया।





शोभायात्रा शोभासरिया धर्मशाला स्थित राम मन्दिर से संतो के सानिध्य में रवाना हुई जो तापड़िया बगीची, स्टेशन रोड़, जाट बाजार, बावड़ी गेट स्थित रघुनाथजी के मंदिर तत्पश्चात गोपीनाथजी के मन्दिर एवं वहां से गणेशजी के मन्दिर होती हुई बजाज रोड़ के मार्ग से वापस शाम मन्दिर पहुंची। वहीं शोभायात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया व पुष्प वर्षा की गई।

बैजनाथ सोभासरिया ट्रस्ट के घनश्यामप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा में जो सहयोग मिला जिला प्रशासन का, पुलिस प्रशासन का, नगर परिषद का उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र है। वहीं आज राम मन्दिर में कोलकाता के भजन गायकों द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी जायेगी व भगवान राम का भव्य श्रृंगार किया जायेगा व 11:50 पर पर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा व महाआरती का आयोजन होगा।

**सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध-**

भगवान राम की शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के इंतजाम बेहद ही कड़े थे, पुलिस अधीक्षक भूवन भुषण यादव के निर्देश पर जो सुरक्षा व्यवस्था थी, वह बेहद ही सराहनीय थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान मौजूद थे, वह महिला पुलिस की व्यवस्था भी बड़ी ही अच्छी थी।

**रैली व शोभायात्रा साथ-साथ निकली-**

इस बार देश में आम चुनाव होने के कारण जो राजस्थान में प्रथम चरण के चुनाव है वो 19 अप्रेल को होंगे, ऐसे में चुनावी रंग का रंग पूरी तरह चरम सीमा पर है। मंगलवार को भी गठबंधन के उम्मीदवार अमराराम की रैली थी वह रोड़ शो था ऐसे में रोड़ शो व भगवान राम की शोभायात्रा का मिलन तापड़िया बगीची के पास हुआ वहां पर भी भगवान राम की पूजा अर्चना की गई व जो माहौल था वह बड़ा ही देखने लायक था। यह संगम शायद फिर कभी क्या पता कब देखने को मिले।

**बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद-**

भगवान राम की शोभायात्रा में शहर के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे घनश्याम प्रसाद शोभा सरिया, सीएसुनील मोर, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, पवन मोदी, डॉ कमल सिखवाल, गिरधारी लाल पंसारी, कुंज बिहारी शोभा सरिया, समाजसेवी राजेंद्र खंडेलवाल, मनीष शोभा सरिया, राधेश्याम मोर, विनोद नायक महेंद्र तो दी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन् महिलाएं पुरुष मौजूद थे। शोभायात्रा कौ पालवास के संत चंद्र दास महाराज वह ट्रस्ट के घनश्याम दास अगरवाला ने रवाना किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन



खबरों की दुनिया

**सालासर।** स्थानिय राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रूपसिंह शेखावात ने बताया कि हंसराज की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्रामीणों द्वारा आयोजित शिविर गौरीशंकर आश्रम के महंत सिद्धेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। लक्ष्मीनारायण पुजारी, नारायण सिंह शेखावत, धर्मवीर पुजारी एवं बेगम ढाका ने फीता काटकर शुभारंभ किया। दुर्लभजी हॉस्पिटल की टीम द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 231 यूनिट संग्रहित किया गया। रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

## छात्र-छात्रा राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी परिजनों से वोट डलवाएं : गोविंद सिंह भींचर

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को स्वामी नित्यानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल दांता में उपखंड स्तरीय स्वीप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप कॉर्डिनेटर राजेन्द्र सरोज ने बताया कि सहायक रिटर्निंग अधिकारी गोविंदसिंह भींचर के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका दांता के अधिशाषी अधिकारी महेंद्र सिंह, सी बी ई ओ दांतारामगढ़ हेमाराम इंदुलिया, नित्यानंद स्कूल के निदेशक रिछपाल सिंह की उपस्थिति में शारदे की पूजा अर्चना के साथ स्वीप की मानव श्रृंखला बनाई जाकर उन्नीस अप्रैल मतदान दिवस को आवश्यक शत प्रतिशत मतदान करने की



भींचर ने सभी उपस्थितों को शपथ दिलाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जो निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में पिचेहत्तर प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है आप सभी युवा मतदाता और अपने परिजनों को आवश्यक वोटिंग करने की समझाइश करके पूरा कर सकते है। उन्होंने कहा कि पहले तो परिजन बच्चों को समझाते थे लेकिन आजकल अच्छे बच्चे परिजनों को भी समझाते हैं इसलिए इस पुनीत और अच्छे कार्य हेतु बच्चे अपने अभिभावकों को समय से ही वोट करने हेतु घर से निकाले। सी बी ई ओ ने मजबूत लोकतंत्र के लिए शिक्षा और शिक्षार्थियों को ही इसका साधन बताया। स्वीप कॉर्डिनेटर राजेन्द्र सरोज ने लोकतंत्र में वोट के महत्व तथा अधिक से अधिक मतदान लक्ष्य के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम मतदाता सुव्यवस्थित शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के बारे में विस्तार से समझाया साथ ही लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया, मतदान दिवस के दिन बूथ पर उपलब्ध सुविधाएं, स्थापित यूनिक बूथ, युवा बूथ, दिव्यांगजन बूथ, महिला बूथ की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उपस्थित छात्र छात्रों ने लोकतंत्र में मतदान करने संबंधी स्लोगन लिखकर हवा में सैकड़ों गुब्बारे छोड़े जो सभी को आवश्यक मतदान का संदेश दे रहे थे। सैकड़ों तख्तियां लेकर भी विद्यार्थियों ने ये संदेश पहुंचाने का प्रयास किया। इस अवसर पर विशेष सहयोगी स्कॉउटर पी डी कुमावत, हेमराज कुमावत, विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल लाल, हेमाराम शास्त्री, नगरपालिका से सुभाष चंद्र व स्टाफ साथी, सैकड़ों छात्र छात्रा और कार्मिक मौजूद थे।

## हेमन्त दास ने श्रीराम कथा के सुनाये प्रसंग





खबरों की दुनिया

**सीकर।** श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में अष्टम दिवस पर संस्था के विधाप्रकास शर्मा ने व्यास पूजा कि कथा प्रारम्भ करते हुए प्रेम मुर्ति हेमन्त दास महाराज ने बताया कि श्रीराम माता जानकी, लक्ष्मण को वन वास जाने के बाद वे किस किस स्थान पर गये किस प्रकार माया का मृग बनाकर रावण ने माता सीता को बंधक बनाया किस प्रकार जटायु ने माता को बचाने का प्रयास किया तथा जटायु के अन्तिम समय में भगवान राम के बिच क्या संवाद हुआ के प्रसंग सुनाये। आचार्य प. अभिजीत ने बताया कल कि कथा राजा राम और रावण के बिच युद्ध एवं रामजी के राज्याभिषेक कि होगी इसके साथ ही नो दिवस कि कथा का विश्राम होगा कथा समय दोपहर 1:30 से सायं काल 5:00 बजे तक रहेगा।

## लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए निष्पक्ष मतदान करें : मोहर सिंह मीना

खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मोहरसिंह मीना के सानिध्य में विधानसभा क्षेत्र की सरकारी व निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाकर स्वीप रैलियां निकाली गई। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विधाधर शर्मा के निर्देशन में मोहनी देवी गोयनका गर्ल्स बीएड कॉलेज, प्रज्ञा पब्लिक स्कूल में स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

स्वीप कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि मोहनी देवी गोयनका गर्ल्स बीएड कॉलेज के प्राचार्य राकेश कुमार के नेतृत्व में शहर के मुख्य स्थानों पर रोडवेज



बस स्टैंड, डाकनियो के मंदिर पर बीएड स्टूडेंट्स ने सप्तरंगी सप्ताह गतिविधि नैतिक व सूचना मतदान के तहत लालच पर होगी चोट, सोच समझ कर करेंगें वोट थीम आधारित नुकड़ नाटक के माध्यम से आमजन को भारतीय निर्वाचन प्रणाली एवं मतदान प्रक्रिया से अवगत करवाते हुए मतदान दिवस पर मतदान करने का आव्हान किया। उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीना इस अवसर पर अपने उद्धबोधन में कहा कि बिना पक्ष पात के निष्पक्ष भाव से मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त करने में अपनी भूमिका निभाए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विधाधर शर्मा ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान दिवस पर परिवार के सभी मतदाता सदस्यों से मतदान अवश्य करवाकर निर्वाचन में अपनी भागीदारी निभाए। स्वीप नोडल अधिकारी एवं विकास अधिकारी रामधन डुडी ने मतदाता जागरूकता की समझ का संदेश आमजन तक पहुँचने व शतप्रतिशत मतदान का आव्हान किया।

## सीकर में अमराराम का रोड़ शो, चुनावी रथ पर कांग्रेसी नेता भी सवार

### इंडिया गठबंधन ने झोंकी ताकत

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कॉमरेड अमराराम का सीकर में रोड़ शो किया गया। रोड़ शो करीब तीन बजे सीकर के रामलीला मैदान से शुरू हुआ जो दुजोद गेट, घंटाघर, सुरजपोल गेट, जाट बाजार, तापड़िया बगीची होते हुए कल्याण सर्किल पहुंचा जहां रोड़ शो का समापन हुआ।

रोड़ शो के बाद कल्याण सर्किल पर नेताओ का संबोधन हुआ। रोड़ शो मे ट्रेक्टर-ट्रोली पर माकपा प्रत्याशी अमराराम, पीसीसी चीफ गोविन्द डोटासरा, सीकर विधायक राजेन्द्र पारीक, चौमू विधायक शिखा मील बराला, दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, पूर्व विधायक महादेव सिंह खण्डेला, जिलाअध्यक्ष सुनीता गठाला, मोहरसिंह गौड़, गोविंद पटेल सहित अनेक नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता सवार रहे।

18वीं लोकसभा के लिए सीकर मे 19 अप्रैल को मतदान होना है। 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार थम जायेगा। चुनाव मे 2 दिन शेष है।





26 मार्च को एनडीए व इंडिया गठबंधन के दोनो ही प्रमुख उम्मीदवारो ने नांमाकन किया था। इसके अलावा 14 और उम्मीदवारो सहित कुल 16 प्रत्याशी मैदान में है। 20 दिन के चुनाव प्रचार में दोनो ही पार्टियो भाजपा व इंडिया गठबंधन ने अपने अपने नेताओ व कार्यकर्ताओ के साथ अपनी अपनी पूरी ताकत और संसाधन झोंक दिए है। दोनो ही गठबंधनों ने शहरो की बजाय ग्रामीण क्षेत्रो पर ज्यादा जोर दिया है। इससे जाहिर होता है कि दोनो ही पार्टियों को लगता है चुनाव का फैसला ग्रामीण वोटर्स ही करेगें।

## माँ भगवती ने किया नगर भ्रमण

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** हनुमानपुरा रोड स्थित माता जगदंबा आज भव्य श्रृंगार के साथ खाटू की गलियों में घोडों के रथ पे बैठके आयी।



माता के दर्शन करने श्याम की गलियों में भक्त हवेलियों पे चड़के दर्शन किये। सभी ने माता की आरती उतारी ओर सुख समृद्धि की कामना की। यात्रा के साथ चल रहे भक्तों ने सभी ग्राम वासियों को आज होने वाले भंडारे निमंत्रण दिया।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## अलख स्टडीज में हुआ अबेकस की प्रतियोगिता एवं अवार्ड सेरेमनी का आयोजन



खबरों की दुनिया

**चित्तौड़गढ़।** चंदेरिया स्थित अलख स्टडीज स्कूल में कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों ने अबेकस की परीक्षा में भाग लिया। सीमास अबेकस, चित्तौड़गढ़ के निदेशक रवि अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित कर बताया कि विद्यार्थियों के लिए अबेकस आवश्यक पाठ्यक्रम है। इससे बच्चों के मस्तिष्क का तेजी से विकास होता है। बच्चों के सीखने की क्षमता को बढ़ाने के साथ ध्यान केंद्रित करने का यह उत्कृष्ट उपाय है। विद्यालय के निदेशक जयश भटनागर ने पूरे सत्र के कार्यकलापों, आयोजित की गई प्रतियोगिताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में मिली उपलब्धियां को अभिभावकों के साथ साझा किया एवं नए सत्र की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की। विद्यार्थियों, सिद्धि अग्रवाल एवम हिताक्षी मेहता द्वारा कैलकुलेटर से भी तेज गणना, 100 तक के पहाड़ों को बताना एवं जोड़ बाकी जैसे कई सवालों को चुटकियों में कर दिखाया। इस अवसर पर अलख द्वारा चंदेरिया में कार्यरत शिक्षकों अजय बुनकर, सुनीता शर्मा एवं गौरी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया। विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों ने विद्यालय की छात्रा गुंजन कंवर के सैनिक स्कूल एवं नवोदय दोनों ही परीक्षा में चयनित होने पर हर्ष जताया। जयश भटनागर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संचालन अनुरीता शर्मा द्वारा किया गया।

## 'काली बाई भील मेधावी-छात्रा स्कूटी योजना' के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा स्कूटी प्रदान



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** निवारू रोड़ स्थित जेवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा आलिया पुत्री निजामुद्दीन को 12वी में कला वर्ग में 98 प्रतिशत प्राप्त करने पर 'काली बाई भील मेधावी-छात्रा स्कूटी योजना' के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा स्कूटी प्रदान की गई। महाविद्यालय निदेशक मंजू शर्मा ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी.. छात्रा के पिता निजामुद्दीन ने महाविद्यालय परिवार की गतिविधियों और महाविद्यालय की तरह से किये गये अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय की निदेशक मंजू शर्मा, भरत शर्मा, गीत आर्या, डॉ मनिषा शर्मा, मनोज मीना, अजय पाटोदिया और अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

# जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में 96 एवं जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में 97 फीसदी मतदाताओं ने घर से किया मतदान

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए होम वोटिंग के तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 96.78 फीसदी एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट में 97.81 फीसदी 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में 7 हजार 601 में कुल 7 हजार 397 मतदाताओं ने होम वोटिंग के तहत मतदान किया। वहीं, दोनों निर्वाचन क्षेत्र में कुल 67 मतदाता निधन होने के कारण एवं 137 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण होम वोटिंग के तहत मतदान नहीं कर पाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 3 हजार 632 मतदाताओं में से 3 हजार 515 मतदाताओं ने अपने घर से मतातधिकार का प्रयोग किया। वहीं, 34 मतदाता निधन होने से एवं 83 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 300 में 288, विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र में 384 में से 373, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 609 में से 587, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 400 में से 387, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 380 में से 358, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 685 में से 672, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 480 में से 463 एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र में 394 में से 387 मतदाताओं ने अपने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 3 हजार 969 मतदाताओं में से 3 हजार 882 मतदाताओं ने अपने घर से मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, 33 मतदाता निधन होने से एवं 54 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।

उन्होंने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 612 में 600, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 288 में से 284, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 595 में से 578, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 632 में से 617, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 988 में से 961, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 199 में से 194, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 496 में से 489 एवं बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 159 में से 159 मतदाताओं ने अपने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## एडवोकेट ललित शर्मा नें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से की मुलाकात



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मंगलवार को वितमंत्री सीतारमन नें प्रेस वार्ता कर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया । इसके साथ ही विश्वास जताया कि मोदी सरकार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है इससे पहले वे बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रोफेशनल्स से भी रूबरू हुई। इस दौरान एडवोकेट ललित शर्मा ने निर्मला सीतारमन से मुलाकात की।

## मतदान जागरूकता के लिए रैली निकाली



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** रॉयल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदान जागरूकता को लेकर आगरा रोड,विजयपुरा से 52 फीट हनुमान जी मंदिर, पुरानी चुंगी और गोनेर रोड़ तक निकली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, मतदान गीतों और हाथों में मतदान जागरूकता के बैनर लिए वोट की अपील की। रॉयल इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अंजना चौधरी ने बताया कि रैली में छात्र-छात्राओं के हाथों में 'अब जागो प्यारे', 'मतदाता वोट हमारा अधिकार', 'कभी ना करें इसका बहिष्कार', जैसे स्लोगन लिखे हुए दिखाई ' दिए।

इस अवसर पर रॉयल इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अंजना चौधरी ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार बनाने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 19 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करे और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

# शहर के परकोटा क्षेत्र से भगवा ध्वज उतारने के मामले में संत समाज में रोष, दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** शहर के परकोटा क्षेत्र से भगवा ध्वज उतारने के मामले को लेकर सर्व समाज हिन्दु महासभा की बैठक संतों के सानिध्य में महासभा के कार्यालय में हुई। बैठक में उपस्थित संत समाज ने इस घटनाक्रम की निंदा करते हुए प्रशासन से इस कृत्य में लिप्त दोषी व्यक्ति व जिन अधिकारियों की सरपरस्ती में यह ध्वज उतारने का कार्य हुआ,उन सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई व दोषी अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाए। संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश भाड़ेवाला ने बताया कि इस अवसर पर बैठक में श्रीकनक बिहारी मंदिर के सियाराम दास जी महाराज ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि रामनवमी से पूर्व इस तरह की घटना हिंदू समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है,क्योंकि भगवान राम तो सभी के भगवान थे,वे अपने समय में सभी को साथ लेकर चले। रामनवमी से पूर्व सर्व समाज हिन्दु महासभा की ओर से चारदीवारी में असामाजिक तत्वों व नगर निगम द्वारा भगवा ध्वज उतारना एक निदंनीय कार्य,जिसकी संत समाज घोर निंदा करता है,वहीं श्री ढेहर के बालाजी स्थित श्रीसियाराम दास जी बगीची के महंत हरिषंकर वेंदाती ने भी भगवा ध्वज उतारने कीं निंदा करते हुए प्रषासन से दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति ना हो, इसलिए प्रषासन को भी इस मामलें में सख्त होकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई ताकि रामनवमी पर शहर में सौहार्द और भाईचारे का माहौल बन सके। अगर प्रषासन ने इस मामले में दोषियो के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो संत समाज को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश भाड़ेवाला ने बताया कि नवरात्रा व रामनवमी को देखते हुए सर्व समाज हिन्दु महासभा ने जयपुर में एक साथ मंदिरों,प्रतिष्ठानों,बाजारों व घरों में करीब 1 लाख के आसपास ध्वज लगाए। उन्होंने यह भी जिन-जिन स्थानों पर ध्वज उतारे गए थे,उन स्थानों पर तेजी से ध्वज लगवाएं जा रहे है।

**आम सूचना**

मेरे शैक्षिक दस्तावेज में मेरा नाम नितेश कुमार है और मेरे बाकी सभी दस्तावेज में मेरा नाम नितेश कुमार परसरामपुरिया है।

निवासी गुढ़ागौड़जी, जिला झुंझुनू (राज.)। भविष्य में मुझे नितेश कुमार परसरामपुरिया नाम से ही जाने जावे।

# एमजेआरपी यूनिवर्सिटी में 'कन्या प्रसादम', 1000 से अधिक कन्याओं को कराया भोजन

**–501 दीपों से आरती कर मां दुर्गा की पूजा–अर्चना की, कन्याओं का पूजन कर जिमाया, दिए उपहार व दक्षिणा**

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** कन्याओं को मान–सम्मान देने के उद्देश्य से महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय के सोडाला कैम्पस में मंगलवार को 'कन्या प्रसादम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 1000 से अधिक कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन और वंदन किया गया। एम्बेसी मिलेनियम सीनियर सैकंडरी स्कूल की ओर से महाअष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार व कन्याओं ने 501 दीपकों से मां दुर्गा की आरती की। माता रानी की पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाकर बालिकाओं को मनुहार के साथ जिमाया।

एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन और एम्बेसी मिलेनियम स्कूल के निदेशक निर्मल पंवार ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष की तरह 'समाज में नारी शक्ति को सम्मान प्रदान करने और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि हमें दूसरों की बहू-बेटियों को भी अपने परिवार की तरह की सम्मान और सुरक्षा देनी चाहिए। इसलिए महाअष्टमी पर इनका सम्मान और वंदन कर समाज को एक संदेश देने का प्रयास किया है।'

**तिलक, कुमकुम-मोली से वंदन और पूजन :** इस अवसर पर 501 दीपों से महाआरती और माता रानी की पूजा अर्चना के बाद चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने कन्याओं का कुमकुम-मोली से वंदन और पूजन भी किया। उन्होंने कन्याओं की आरती उतारी और मनुहार के साथ जिमाकर दक्षिणा व उपहार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में एम्बेसी स्कूल और एमजेआरपी यूनिवर्सिटी की फेकल्टी मैंबर्स ने भी बेटियों का पूजन कर उनका अभिनंदन किया। रंग-बिरंगे परिधानों में आई कन्याओं में भी 'कन्या प्रसादम' कार्यक्रम के प्रति खासा उत्साह देखा गया और पूजा-अर्चना में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**PUBLIC NOTICE** — Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

**(As per the Judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)**

**Name of Political Party: Bhartiya Janta Party**

**Name of Election: General Election to Loksabha 2024**

**Name of State/ UT: Rajasthan**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Barmer | Kailash Choudhary | No | No | अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बालोतरा 11.11.2002 | Offence U/s-323, 341 IPC | जुर्माना अभियोजन खर्च रूपये 500/- धारा-5 परिवीक्षा अधिनियम के तहत लाभ दिया गया। |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Signature of office bearer of the Political Party**
**Name and Designation Mukesh Pareek, State Office Secretary BJP Raj.**

**PUBLIC NOTICE** — Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

**(As per the Judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)**

**Name of Political Party: Bhartiya Janta Party**

**Name of Election: General Election to Loksabha 2024**

**Name of State/ UT: Rajasthan**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Bhilwara | Damodar Agarwal | No | No | Chief Judicial Magistrate, Bhilwara 13 April 1976 | Offence Punishable Under Rule 43(5) of the Defence and Internal Security of India Rules,1971 | Simple Imprisonment for Three Months |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Signature of office bearer of the Political Party**
**Name and Designation Mukesh Pareek, State Office Secretary BJP Raj.**

**PUBLIC NOTICE** — Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

**(As per the Judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)**

**Name of Political Party: Bhartiya Janta Party**

**Name of Election: General Election to Loksabha 2024**

**Name of State/ UT: Rajasthan**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Tonk-Sawai Madhopur | Sukhbir Singh Jaunapuria | 1. 299/2023 Additional Chief Judicial Magistrate, Malpura, Dist. Tonk Status- Prosecution Evidence | Sec. 143, 188, 269, 270, IPC Sec. 51, Disaster Management Act 2005 & Sec. 3, Epidemic Diseases Act 1897 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Signature of office bearer of the Political Party**
**Name and Designation Mukesh Pareek, State Office Secretary BJP Raj.**

# बड़ों के खेल में मासूम परेशां, ए फार एप्पल बोले या...!



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

जब से शब्दों के मायने निकाले जाने लगे हैं...अपने तरीके से मायने निकाले जाने लगे हैं...सब गड्डमड्ड हो गया है...बच्चे परेशान हैं..स्कूल में पढ़ कर आते हैं एबीसी...और घर आते ही पता चलता है परिवार खेल रहा है एबीसी..जाहिर तौर पर एबीसी अल्फाबेट्स का आगाज करते नजर आते हैं...लेकिन ऐसा नहीं है...आजकल एक एबीसी और भी चल रहा है...सामान्य बोलचाल में इसे आओ बनों चैंपियन कहा जा रहा है..चूंकि स्कीम है तो नाम रखा जा सकता है...कोई भी रख सकता है...जब बड़े नेता इंडिया को इंडी बोल सकते हैं तो बेचारे एबीसी ने क्या बिगाड़ा है...तो स्कीम का नाम एबीसी रख सकता है...परेशानी तो बच्चों को हो रही है...स्कूल में टीचर ए फार एप्पल पढ़ाता है...घर पर यही ए फार आओ हो जाता है...स्कूल में टीचर बी फार बाल पढ़ाता है...घर पर यही बनो हो जाता है...स्कूल में टीचर सी फार कैट पढ़ाता है...घर पर यही सी चैंपियन हो जाता है...गजब करिश्मा देख मासूम कन्फ्यूज हैं...एक तो पहले ही ईडी का शोर है...बमुश्किल समझ आया कि ईडी महकमे का नाम है...वरना तो तोताराम का चिंटू अक्सर सवाल करता था...पूछता था कि डी से पहले ई कैसे आ गया...जैसे-तैसे तोताराम ने बच्चे को समझाया तो बात समझ आई...आजकल एबीसी का शोर है...दस मिनट में दस ईनाम जीतने का इतना अच्छा अवसर कहां मिलेगा भला..तो बहुतेरे सवेरे से ही लग जाते हैं..यह अलग बात है कि इस चक्कर में इनके दस मिनट से ज्यादा खर्च हो जाते हैं...लेकिन कुछ हाथ आने की लालसा लोभ में उलझाए रखती है...जैसे राजनीति के घोषणा-पत्र में बड़े-बड़े वादे उलझाए रखते हैं...लेकिन यह योजना पंचवर्षीय होती है..चुनावों के समय लांच की जाती है और चुनावों की समाप्ति पर पूरा करने की कोशिश होती है...इस बीच अपने प्रयासों से मत वालों को जिंदा रहना होता है...जिसका बुलावा आ गया, उसकी पारी खत्म हो जाती है....लेकिन एबीसी इससे अलग है...बुलावा ना भी आए...तब भी मौका बना रहता है...दिक्कत तो नाम पर है...वैसे आजकल इस तरह के बहुत सारे शगूफे सोशल मीडिया पर चल रहे हैं...कल ही मुसद्दी घर आया...कहीं से सुन कर आया होगा तो ज्ञान बखारने आया...बोला-काजू-बादाम पत्नी खाए...पिसता पति ही है...एक बारगी को लगा... इसमें नया क्या है लेकिन जब दोहराया तो दुलर्भ ज्ञान की प्राप्ति हुई कि पिसता पति ही है...हंसी तो नहीं आई, बात समझ आ गई...इस बीच मुसद्दी मुंह ताकता रहा...शायद सोचता था सेंस आफ ह्यूमर की बात की है...दाद मिलेगी...हुआ उलटा चाय तक नहीं मिली...पत्नी ने सुन लिया था तो बाजार जाने की कह कर निकल गई...तो तरह के चोंचले सोशल मीडिया पर चल रहे हैं...नेताओं




को भी आदत लग गई है... एक दूसरे के नाम की व्याख्या अपनी-अपनी तरह से करते रहते हैं...पिछले चुनावों में तो एक बडें केन्द्रीय मंत्री ने फिल्मी करेक्टर पुष्पा को लेकर अपनी तरह से व्याख्या कर दी थी...कहा था-पुष्पा फ्लावर ही नहीं है...पुष्पा फायर भी है...ऐसे ही किसी मौके पर बड़े साहब ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए एके 47 शब्द का इस्तेमाल

> ईडी-एसीबी...एबीसी...केबीसी...सीबी...बेशक, महकमे-खेल की इत्तला करते हैं लेकिन बच्चे बड़े परेशान हैं...स्कूल में पढ़ कर आते हैं ए फार एप्पल और घर पर ए फार कुछ और ही अर्थ बयां हो रहा होता है...हालांकि इसमे कुछ नया नही है...समय-समय पर सुविधानुसार ऐसा होता रहा है...परेशानी बच्चों को होती है...आजकर एबीसी के चर्चे हैं..तोताराम का बेटा चिंटू अक्सर सवाल पूछता है, ए फार एप्पल तो ए फार आओ कैसे हुआ..!

किया था...हो सकता है जांच एजेंसियां भी अलर्ट हुई हों कि ऐसी कौनसी एक-47 है जिसका पता बड़े साहब को है...और उन्हें भनक तक नहीं...लेकिन जब हकीकत पता लगी होगी तो निश्चय ही माथा पीट लिया होगा...मुमकिन हैं बच्चे भी माथा पीट रहे हैं...स्कूल में पढ़ते हैं...ए फार एप्पल और घर आते ही हो जाता है आओ...तो ईडी के बाद एबीसी के चर्चे हैं...चर्चा एसीबी की भी है किंतु कम है...कभी एसीबी में रहते धमाका करने वाले एक अफसर ने राजनीतिक दल का थामन थाम लिया है...इस दल में बड़े साहब से प्रेरित होकर लोग आते हैं...सम्मोहन इतना है कि सुबह उठते ही बिना मुर्गे के बांग दिए खिलाड़ी भी राह बदल लेते हैं...वैसे बड़े साहब भी बड़े दिलवाले हैं...गणित में पारंगत हैं..हालिया एक इंटरव्यू में कहते हैं...उनके आने से पहले ईडी ने 34 लाख कैश पकड़ा था,जो स्कूल बैग में आ जाए...दस साल में 2200 करोड़ पकड़े हैं जिसके लिए 70 ट्रक लगेंगे...वाकई गणित लाजवाब है... सिर्फ गालियों का ही हिसाब नहीं रखते..पाई-पाई का अंदाजा है...तभी तो आकर्षण है...जिसे जरा भी शंका होती है...साहब के सम्मोहन से सम्मोहित होकर दल में शामिल हो जाता है...इतना सब होने के बाद ईडी को जरूरत ही नहीं पड़ती...शक की गुंजाईश ही नहीं रहती...तो बड़े साहब लाजवाब हैं...पहले-पहल इन्होंने ही नामकरण करने की प्रथा शुरू की थी..धीरे-धीरे भाषा विज्ञान इतना बिगड़ गया कि अब हर शब्द का मतलब अपने हिसाब से निकाला जाने लगा है...परेशानी तो मासूमों को हो रही है...एबीसी में पढ़कर क्या आते हैं और घर पर शोर क्या सुनाई देता है... वैसे किसी जमाने में ऐसा ही एक शब्द धूम मचाए था...जिसका अर्थ कुछ निकलता था और बोला कुछ अलग जाता था...यानि- एबीसी आन दी ट्री...एक मधुमक्खी पेड़ पर दिखी...बी का मतलब मधुमक्खी से है...उस दौर में इसे ट्रिकी सवाल कहा जाता था और ज्ञानी अक्सर पूछा करते थे...लेकिन समय के साथ ज्ञानी बदल गए...अब जो मर्जी व्याख्या हो रही है...तो बच्चे कन्फ्यूज हैं...तोताराम का चिंटू भी इसीलिए गच्चा खा गया...तो आप बिल्कुल भ्रमित ना हों...खेलते हों तो बताने की जरूरत नहीं...नहीं खेलते हों तो एबीसी का मतलब बताए देत हैं..आओ बने चैंपियन...अब आप पर निर्भर है, क्या करते हो..वैसे भी चैंपियन बनने की बड़ी लड़ाई चल रही है...रोड शो-सभाएं हो रही हैं...परिणाम तय समय पर आएगा..तब तक चुनाव पर चर्चा करने से बेहतर है कि एबीसी ही खेल लिया जाए...कुछ हाथ तो आएगा...वैसे भी इस बार चुनाव पर चर्चा कम हो रही है..।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से



आर. के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्यसभा

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की सेवन सिस्टर्स या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोक सभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है।इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह - प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन - प्रतिदिन को मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है ।


मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोक सभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है। क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देंन ही मानी जाती है ।इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्य धारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहाँ के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबर्दस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया।

नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला। मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं । यह उम्मीद भी मोदी और अमित शाह से ही है कि मणिपुर में स्थाई शांति लाने में कामयाब होंगें। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दरवाजे तक गवर्नेंस पहुंचाने का प्रण लिया है। उन्होंने इस धारणा को बदल दिया है कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूर्वोत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आई है। यहाँ निवेश पहले से चार गुना अधिक हो रहा है। हाल ही में अरुणाचल में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला टनल का पीएम मोदी ने उद्घाटन किया और चीन को अपना इरादा बता दिया। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मणिपुर में स्थापित की गई है। 8 राज्यों में 200 से अधिक 'खेलो इंडिया सेंटर' बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लग यही रहा है कि पूर्वोत्तर भारत भाजपा को आगामी चुनाव में दिल खोलकर समर्थन देगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024

**–लोकसभा चुनाव के बीच 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर सराहनीय**



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का महापर्व देखा और करोड़ों भक्त गणों का रुझान आध्यात्मिक आस्था के प्रति पूरी दुनियां ने देखा जो राममय में सराबोर हो गए राजनीतिक विशेषज्ञों को आभास जरूर हुआ होगा कि यह ट्रेंड वोटो में तब्दील होकर कहां जाएगा। 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी है जो प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी आ रही है जिसका सूर्य अभिषेक करने का उत्सव मनाने की फिर रणनीति बनाकर तैयारी है जिसका क्रियान्वयन भव्य तरीके से होगा ऐसा मुझे अंदेशा है 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी को पूरे देश में जोरदार ढंग से मनाने का अंदेशा है जिसका पूरा–पूरा लाभ 2024 लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को मिलना निश्चित है और लक्ष्य अबकी बार 400 पार का संभव होने की पूरी पूरी उम्मीद है। दुसरी ओर रामनवमी शोभायात्रा को लेकर जारी संशय के बीच निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि त्योहार के मौके पर किसी राजनीतिक दल के द्वारा झंडा, चुनाव चिन्ह, पोस्टर या बैनर का इस्तेमाल होने पर इसे आचार संहिता उल्लंघन माना जायेगा और समुचित कारवाई की जायेगी।रामनवमी जैसे त्योहार के मौके पर आमतौर पर राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा देश भर में बड़े–बड़े बैनर पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए जाते रहे हैं, इस बार चुनाव आचार संहिता की वजह से यह देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि शोभा यात्रा के दौरान राजनेताओं को इसमें शामिल होने की छूट दी गई है मगर इस पर चुनाव आयोग के पदाधिकारी की नजर रहेगी और इसके लिए हर जिले में बने आचार संहिता कोषांग के द्वारा वीडियोग्राफी की जाएगी इसलिए नेताजी सावधानी बरतिएगा आचार संहिता उल्लंघन का केस ठुकेगा। चूंकि लोकसभा चुनाव के बीच 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024 ।

साथियों बात अगर हम देश को राममय के कार्यक्रम की करें तो, देश को राममय करने काकार्यक्रम यहीं रूकने वाला नही है। राम मंदिर आंदोलन और इसकेनिर्माण के लिए धन संग्रह अभियान से जुड़े लोगों की सूची तैयार की गई है। जिनको अनेक दिनों तक दर्शन करवाने का कार्यक्रम भी मंदिर ट्रस्ट ने तैयार किया है। रोजाना राम भक्तों को अयोध्या दर्शन के लिए प्रांत वाइज बुलाया जाएगा। जिनके रहने व खाने की व्यवस्था भी मंदिर ट्रस्ट ही करेगा। यह बड़ा कार्यक्रम होगा। मंदिर में रामलला को प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर श्रद्धालुओं को अयोध्या आने से रोकने की जरूरत क्यों आ पड़ी? इसके जवाब में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव बताते हैं,अयोध्या अभी करोड़ों की भीड़ कीव्यवस्था करने की स्थिति में नही हैं। जनवरी 2024 में अयोध्या में कठोर जाड़ा पड़ता है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन करोड़ों रामभक्त अयोध्या आना चाहेंगे। जिससे लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गंभीर संकट पैदा हो सकता हैं। जिसे संभालना मुश्किल होगा। ऐसे में गांव गांव में इस उत्सव को आनंदोत्सव के रूप में मनाने की योजना बनाई गई। क्या आम चुनाव के पहले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में दर्शन शुरू होने का असर 2024 के चुनाव पर पड़ेगा? इसके जवाब में मंदिर ट्रस्ट का साफ कहना था कि राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा है। यह धार्मिक होने के साथ–साथ राष्ट्रीय मुद्दा बना है। प्रभुराम राष्ट्रीय महापुरुष हैं। देश में रामराज्य की स्थापना परम लक्ष्य है। राम मंदिर अब राष्ट्र का मंदिर बन गया है। यही सवाल जब बीजेपी के अयोध्या महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव से किया तो वो इस सवाल का सीधा जवाब न देकर कहते हैं राम मंदिर बीजेपी के पांच प्रमुख संकल्पों में से एक है। कॉमन सिविल कोड, राम मंदिर, कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति जैसे विषय राष्ट्रवादी हैं। इनका चुनावी राजनीति से लेना देना नहीं है। जो रामभक्त है उन्हें मालूम है कि राम मंदिर की लड़ाई किसने लड़ी। लेकिन राम मंदिर बीजेपी का सदैवसांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जुड़ा मुद्दा रहा है। कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहा। लेकिन राम मंदिर के नाम पर हमें जो स्वत: लाभ मिलता रहा है आगे भी मिलेगा। साथियों बात अगर हम देश को राममय करने 17 अप्रैल 2024 रामनवमी के दिन विशाल कार्यक्रम और सूर्यभिषेक करने की करें तो, अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई महीनों से भंडारे चल रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इनमें से कई भंडारे 17 अप्रैल 2024 रामनवमी तक जारी रहेंगे। अयोध्या में इस समय अनेक छोटी–बड़ी रसोइयां चल रही हैं। यूं कहें कि पूरा अयोध्या ही श्रद्धालुओं को भोजन कराने के लिए सीता की रसोई में बदला हुआ है।हर दिन लाखों श्रद्धालु इन भंडारों और रसोइयों में भोजन कर रहे हैं। कमाल की बात ये है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी ये सारे भंडारे और रसोइयां बंद नहीं हुई, बल्कि इनमें से कई भंडारे रामनवमी तक चलेंगे।ताकि इस दौरान रामलला के दर्शन के लिए देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु आसानी से भोजन कर सकें। जानकारी के मुताबिक अयोध्या में भंडारे रामनवमी तक जारी रहेंगे और इनमें रोजाना अनेक श्रद्धालु भोजन कर सकेंगे। इन भंडारों के लिए महीनों से कई ट्रकों के जरिए रसद देश भर से पहुंच रहे हैं। अयोध्या में चल रह भंडारों का मेन्यू भी बहुत खास है। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे श्रद्धालुओं की भोजन की भिन्न भिन्न आदतों को देखते हुए मेन्यू भी बहुत खास रखा गया है।इन भंडारों के मेन्यू में विभिन्न प्रदेशों के लोकप्रिय भोजन शामिल हैं। जैसे पंजाब के छोले भटूरे, छोले कुलचे, दक्षिण का इडली–डोसा, उत्तपम, दिल्ली का राजमा चावल, कढ़ी चावल, पूरी सब्जी से लेकर सादा भोजन तक इन भंडारों में मिल रहा है। साथियों बात अगर हम 17 अप्रैल 2024 को प्रभु श्री राम सूर्य से सूर्यभिषेक करने की करें तो राम मंदिर स्थापत्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करने के साथ अति उन्नत वैज्ञानिक युक्ति का भी परिचायक है। यह प्रत्येक वर्ष राम जन्मोत्सव के अवसर पर परिभाषित होगा, जब सूर्य की रश्मियां तीन तल के राम मंदिर के भूतल पर पर स्थापित रामलला के ललाट पर उतरकर उनका अभिषेक करेंगी। 40 महीने पूर्व राम मंदिर के भूमिपूजन के साथ ही पीएम ने सूर्यवंशी श्रीराम का सूर्याभिषेक कराने के लिए इस यह इच्छा व्यक्त की थी और इसे संभव बनाना वैज्ञानिकों के लिए चुनौती भी थी।संबंधित वैज्ञानिकों ने इस अभियान को चुनौती के रूप में लिया और अब वह इसे संभव करने की सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार कर ली है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने विशेष दर्पण और लेंस–आधारित उपकरण तैयार किया है। इस उपकरण को आधिकारिक तौर पर सूर्य तिलक तंत्र नाम दिया गया है। सूर्य तिलक तंत्र को सीबीआरआई के वैज्ञानिकों की टीम ने इस तरह डिजाइन किया है कि हर साल रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे लगभग छह मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के विग्रह के माथे पर पड़ेंगा।ट्रस्ट के न्यासी आचार्य इस तकनीक को राम मंदिर की विरासत से जोड़कर देखते हैं।उनका मानना है कि राम जन्मभूमि असाधारण भूमि रही है और यहां की दिव्यता से ही जाने–अनजाने प्रेरित हो पीएम ने रामलला के सूर्याभिषेक की परिकल्पना की और अब उसे हमारे वैज्ञानिक साकार करने को तैयार हैं।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम आएंगे कि नेताजी सावधानी बरतिएगा आचारसंहिता उल्लंघनका केस ठुकेगा लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024।

लोकसभा चुनाव के बीच 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर सराहनीय है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# रामनवमी विशेष : रामनवमी का अलौकिक पर्व



विकास सोमानी
(एडवोकेट)

रामनवमी भारतीय सभ्यता, संस्कृति, आध्यात्म एक ऐसा आदि स्त्रोत है जो हमें रामकृपा प्राप्त करने की अमोध शक्ति प्रदान करता है। राम शब्द कितना धनाढ्य स्त्रोत है तो हमे एक ही मनोबल बढ़ाने की शक्ति प्रदान करता है। जो हमे सांसारिक भूमिका को साधने का संकल्प पूरा करने में मदद करता है। जी हॉ राम शब्द की महिमा इतनी अपरंपार है, जिसके नाम से ही पत्थर तक तर जाते है। अन्य जीवों का तरना तो प्रभु श्री राम की कृपा पर निर्भर करता है, क्योंकि कहा गया है कि जा पर कृपा राम की होई जा पर कृपा करे सब को निश्चय ही ऐसे कृपालु- दयालु राम का जन्मोत्सव हम प्रत्येक वर्ष की हिन्दु धर्म मास चैत्र की नवमी को मनाया जाता है। क्योकि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी के मध्याह 12 बजे प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव विश्व भर में मनाया जाता है। इस दिन हम भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी प्रभु श्री राम के दशरथ पिताश्री एंव कौशल्या माता श्री का वर्णन मिलता है। हां इस बार 17 अप्रैल 24 को मनायी जाने वाली रामनवमी का बहुत ही अधिक महत्व है, यह राम नवमी, इसलिए महत्वपुर्ण और विशेष है कि हम 22 जनवरी 24 को अयोध्या, जहां प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर को पुर्नस्थापित करने की सकंल्पना को पूरा करने या यो कहे कि भारतीय जन मन उस अपराध बोध युक्त होने की ओर अग्रसर हुआ है। क्योंकि हम 500 वर्षे से बाबरी मस्जिद के कारण हमारे आराध्य राम का मंदिर जो तत्कालीन मुगल शासन की असहिष्णु विचारो के कारण खण्डित हो गया था। श्री राम लला, जहां जन्मे वहीं उन्हें विस्थापित होने का दंश झेलना पड़ा और हमें पांच वर्षो तक भक्ति भाव की एक ऐसी परीक्षा के ऐसे दौर से गुजरना पड़ा है, हमारी ही सम्पति को अपनी सिद्ध करने के लिए विभिन्न स्थिति - परिस्थिति से दो चार होना पड़ा 6 दिसंबर 1992 को तथाकथित बाबरी मस्जिद को श्री राम भक्तों ने उसे ढहाया और दिसंबर 92 से 22 जनवरी 24 तक की प्रभु श्री रामलला के मंदिर को पुर्नस्थापित होने को अथक यात्रा संपूर्ण हुई। इस अथक यात्रा में एक और जहां देश के करोड़ो ऐसे भक्तगण थे। जिन्हें श्री राम के अलावा और कुछ मंजूर नहीं था, लेकिन क़ानूनी पेचीदिगजो के सामने निरंतर खड़े हुए, अनेको हिन्दू संगठन और राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राजनैतिक एजेंडा जो देश के करोड़ो भक्तों की आस्था और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा था। वह सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक निर्णय दिनांक जिसमे करोड़ो भक्तों के घावों पर मरहम लगाने का किया,मंदिर श्री राम के पुरोत्थान की दिशा का मार्ग प्रशस्त हुआ। यहां यह कहना उचित होगा की कोई निर्णय जब तक शब्दशः क्रियान्वित नहीं होता तो उसका कोई अर्थ नहीं रह जाता। निर्णय न्यायालय का हो, निर्णय आत्मा का हो, समाज का हो जब निर्णय की क्रियान्वित को दृढ़ इच्छा शक्ति के अभाव में उस वह निर्णय प्राणहीन होकर रह जाता है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय प्राणवायु दी और 22 जनवरी 249 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने फैसला सुनाते हुए 2.77 एकड़ की विवादित जमीन को राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले ट्रस्ट को हस्तांतरित करने का आदेश दिया. इसके अलावा अदालत ने सरकार को मस्जिद के निर्माण के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को एक अलग स्थान पर वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया. आदेश जारी करने वाली पांच जजों की बेंच का नेतृत्व तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने किया था. पीठ के अन्य चार न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर थे. को 500 वर्षो का संघर्ष सकारात्मक दिशा में परिवर्तित हुआ। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी।

यहां यह कहना भी उचित होगा की किसी भी सरकार के नेतृत्व को किसी कार्य की सफलता और विफलता का श्रेय जाता है। इसी श्रेणी में करोड़ो देशवासियों की आस्था और श्रद्धा को दृढ़ता, प्रदान करने की दिशा में विश्व पटल पर अमिट छवि बना चुके। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी टीम, के सहकार भाव से उस स्वप्न को साकार कर दिया जो दूर - दूर तक होने की संभावना नजर नहीं आ रही थी लेकिन समय - संयोग - नेतृत्व अपने आप बहुत कुछ समेटे रहते है जो अपनी ही भाषा में उत्तर देते है। अयोध्या में अपने ही धाम में अपने ही मूलस्वरूप को सिद्ध करने के सांसारिक दृष्टि से प्रमाण देने पड़े क्योंकि प्रभु श्री राम की पहचान मर्यादा पुरषोत्तम के रूप में जनि जाती है। हम नश्वर सांसारिक प्राणी तो उस ईश्वर स्वरूप श्री राम की दया का ही उपयोग कर अपने आप को प्रभु श्री राम की भक्ति के भक्त का अधिकार प्राप्त कर लेते है। लेकिन वो लीलाधारी - विष्णुअवतारी - परवहु श्री राम जो स्वयं संसार - प्रकृति के निर्माता है, हम उन्हें उनका निर्माता होने की पुनः पाप प्रबोध से ग्रस्त हो जाते है क्योंकि हम भूल जाते है की हो ही वहीं जी राम रची राका जो भी संसार में घटित हो रहा है प्रभु श्री राम की ही लीला है। इस मर्म को समझने के लिए प्रयास रत रहना होगा।

राम भक्त होना इतना आसान नहीं है, यह अधिकार तो श्री राम भक्त हनुमान के पास है। इस चर्चा को और आगे बढ़ायेंगे तो चर्चा बहुत लम्बी हो जाएगी, वैसे भी कहा गया है की हरी अन्नत हरी कथा अनंता एक ही विनम्र अनुरोध की अपने सांसारिक कार्यो से समय निकल कर विश्व की ऐतिहासिक - पुर्नस्थापित प्रभु श्री राम के दर्शनों की सौभाग्य प्राप्त करे। प्रभु श्री राम का यह दर्शनीय स्थल, वैश्विक सुविधा युक्त पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो चुका है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

## निर्वाचन तैयारियों पर कस ली कमर, बुनियादी सुविधाओं में नहीं रहेगी कसर

# मतदाता और मतदान दल की सहूलियत हमारा प्राथमिक ध्येय: श्री निधि बी टी

### लोकतंत्र का चौथा स्तंभ निभाएं लोकतंत्र को पुष्ट करने में भूमिका, कराएं अधिक से अधिक मतदान

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

लोकसभा आम चुनाव में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को सभी बुनियादी आवश्यकताएं एवं वहां निर्वाचन दायित्व में लगे मतदान दल को हर संभव सहूलियत प्रदान की जायेगी मतदाता एवं मतदान दल का कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में से एक है, यह उद्गार जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्था मुहैया करने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, प्रशासन निर्वाचन के अंतिम महत्वपूर्ण कार्य अर्थात मतदान हेतु कटिबद्ध ढंग से तैयार है। सभी मतदान केन्द्रों पर छाया पानी के पूरे इंतजामात रहेंगे। दिव्यांग मतदाताओं एवं निशक्त वरिष्ठ मतदाताओं के लिये व्हीलचेयर्स का प्रबंध किया गया है। दिव्यांग मतदाताओं को लाने ले जाने की भी चौकस व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर प्राथमिक चिकित्सा हेतु आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वार्ता में मौजूद पत्रकारों से कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, सभी पत्रकार आमजन



को मतदान में भागीदारी करा लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभायें। प्रशासन ने भी अति सक्रिय और लक्षित ढंग से स्वीप गतिविधियां की हैं, और यह इस बार बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के साथ प्रतिबिंबित होना चाहिए। पत्रकार प्रशासन के आंख और कान होते हैं, निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अहम सूचना को संज्ञान में लाये जिससे शान्ति और निष्पक्षता के साथ निर्वाचन की शुचिता को कायम रखते हुए मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो।

#### ईपिक के अलावा इन 12 दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईपिक नहीं होने की स्थिति में वीएचए एप से इलैक्ट्रॉनिक एपिक कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है एवं ईपिक न होने पर भी निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता को अन्य 12 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक का प्रयोग कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। इनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, बैंक अथवा डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा जारी दिव्यांग पहचान पत्र (यू.डी.आई.डी.), मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, भारतीय पासपोर्ट, सरकार अथवा सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, महापंजीयक जनगणना द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसद एवं विधायक को जारी आई.डी. शामिल हैं। उन्होंने पत्रकारों की विभिन्न शंकाओं के बारे में उत्तरित किया। इस मौके पर जिले के विभिन्न पत्रकार उपस्थित रहे।

## युवा मतदाता, लोकतंत्र के भाग्य विधाता

# नव मतदाताओं के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी की सीधी बात, लाइव संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

### जिलेभर के 33 हजार 299 नवीन मतदाता देंगे लोकतंत्र के यज्ञ में आहुति

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**



जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने स्वीप अभियान के तहत एक और नया नवाचार किया। जिला कलेक्टर निवास पर नव मतदाता के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं से मतदान संबंधित शंकाओं पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनने के लिए 19 अप्रैल को मतदान करने का आह्वान किया। फेसबुक लाइव संवाद कार्यक्रम में पहली बार वोट डालने वाले नवीन मतदाताओं से रूबरू होकर मतदान संबंधित शंका समाधान किए एवं फेसबुक लाइव संवाद पेज से भी सैकड़ों लोगों ने जुड़कर मतदान संबंधित जानकारी प्राप्त की।

**जिलेभर में नवीन मतदाता (प्रथम बार वोटर्स)**

जिलेभर में 33 हजार 299 नव युवा मतदाता पंजीकृत है, जो मतदान करेंगे। जिनमें 18 से 19 आयु वर्ग में पुरुष मतदाता 19 हजार 752 एवं महिला मतदाताओं में 13 हजार 547 मतदान करेंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यूथ चला बूथ सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिवस में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले के मतदाताओं एवं नवीन वोटर्स को जागरूक करने के लिए लाइव संवाद कार्यक्रम आयोजित किया ताकि युवा मतदाताओं के माध्यम से मतदान का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। कॉलेज एवं स्कूली छात्रा-छात्राओं के साथ मतदाता लाइव संवाद कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के साथ मतदान प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर संवाद किया गया। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि वे अनिवार्य रूप से मतदान करें एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं से संवाद करते हुए स्वस्थ लोकतंत्र में मत का महत्व तथा प्रत्येक चुनाव में एक एक मत के महत्व की उपयोगिता के संदर्भ में संवाद किया। संवाद कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान संबंधी विभिन्न ऐप के डाउनलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी दी और कई अन्य महत्वपूर्ण ऐप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश जिले के हर मतदाता तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया।

संवाद कार्यक्रम के दौरान सहायक नोडल स्वीप अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शीशराम यादव ने मतदान प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और मतदान का महत्व समझाया। जिला स्वीप समन्वयक डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रथम वोटर्स मतदाताओं से संवाद कर मतदाता जागरूकता की अलख जगाने एवं शत प्रतिशत मतदान करने और परिवारीजन को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

# माइक्रो आब्जर्वर मतदान केंद्र पर अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर रखें कड़ी नजर - पर्यवेक्षक

### माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

लोकसभा आम चुनाव में जिले के विशेष मतदान केंद्रों पर नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण सामान्य पर्यवेक्षक एम हरि जवाहरलाल की उपस्थिति में नगर परिषद सभागार धौलपुर में आयोजित किया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्देश देते हुए सामान्य पर्यवेक्षक ने मतदान प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखते हुए किसी भी विशेष घटना को तुरंत उन्हें सूचित करने को कहा। उन्होंने वोटिंग कंपार्टमेंट में किसी भी व्यक्ति के द्वारा बार-बार जाने या मतदाताओं को निर्देश देने, अनुपस्थित विस्थापित और मृत मतदाताओं की लिस्ट में से किसी वोटर के उपस्थित होने, मतदान अभिकर्ताओं की संचलन शीट में एंट्री पास सिस्टम का संधारण करने, वोटिंग मशीन की सीलिंग, मतदाता रजिस्टर में पहचान पत्रों की प्रविष्टि पर नजर रखते हुए अपनी रिपोर्टिंग निर्धारित प्रपत्र में किए जाने के निर्देश दिए। सामान्य पर्यवेक्षक ने चुनाव में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रशिक्षणार्थियों से मतदान अधिकारियों द्वारा मशीनों के नंबरों, पेपर सील के नंबर मतदान अभिकर्ताओं को देने तथा




सीलिंग के समय उनके हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया के साथ पीठासीन अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रपत्रों पर उनके हस्ताक्षर करने को भी अपने निरीक्षण में देखने को कहा।

इससे पूर्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट ने मतदान केंद्रों पर उनकी पहुंच सुनिश्चित करने, डिस्पैच सेंटर पर उनकी उपस्थिति तथा मतदान केंद्र पर मिलने वाली व्यवस्थाओं के साथ संग्रहण केंद्र पर अपने प्रपत्र को जमा करने हेतु लगाए गए काउंटर की जानकारी दी। उन्होंने मतदान दलों को निश्चित रूट चार्ट के अनुरूप सेक्टर मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदान केंद्र पर पुलिस स्टाफ के साथ पहुंचने के बारे में दिए गए निर्देशों को बताया। प्रशिक्षण में डीएलएमटी अतुल चौहान ने मतदान प्रक्रिया में प्रत्येक मतदान अधिकारी के कार्य, ईवीएम और वीवीपेट की सीलिंग, मॉक पोल, मतदाता रजिस्टर के संदर्भ तथा मशीनों को बदलते समय की जाने वाली कार्यवाही एवं पीठासीन अधिकारी की डायरी में समय-समय पर की जाने वाली प्रविष्टियों को बताया। इस अवसर पर 103 माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहे।

# राप्रावि रामधन का पुरा के बालकों ने निकाली रैली

**धौलपुर।** लोक सभा चुनाव प्रथम चरण मतदान दिवस 19 अप्रेल को मतदान करने हेतु रैली के द्वारा ग्रामीण जनों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। 19 अप्रेल को लोक सभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण मतदान दिवस के लिए रा प्रा0 वि0 रामधन का पुरा के बालकों के द्वारा ग्रामीण जनों के घर घर पहुंचकर कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक परवेश खाँ व ऑगनबाडी कार्यकर्ता कमलेश, राजकुमारी ने ग्रामीणजन को वोट मत डालने के लिए जाग्रत किया गया। उन्हे वोट के अधिकार व महत्व के बारे में जानकारी दी। बी एल ओ विवेक गर्ग ने कहा कि मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक का होगा, सबसे पहले अपना वोट देने जाना है उसके बाद अपना कार्य को करना है। इस मौके पर एसएमसी सदस्य गण आदि ग्रामीण जन मौजूद थे।

# नमो युवा चौपाल का हुआ आयोजन

**धौलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा धौलपुर द्वारा विधानसभा राजाखेड़ा के मंडल मांगरोल गांव बिचौला में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता एवं मोर्चा के संभाग संयोजक जयवीर पोसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष संजय कंसाना रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयवीर पोसवाल ने कहा की भारतीय जनता युवा मोर्चा संपूर्ण प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची के नेतृत्व में नमो युवा चौपाल युवा सम्मेलनों के माध्यम से मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता हर घर युवा साथियों से संपर्क कर रहे हैं और राज्य सरकार एवं मोदी सरकार की योजनाओं को लेकर सबके पास जा रहे हैं। कमल पहाड़ियों ने कहा कि हम सब का एक ही मिशन है अबकी बार 400 पार । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय कंसाना ने विचार रखे।

कार्यक्रम में भाजपा का मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवा गुर्जर जिला मंत्री नीरज ठाकुर कार्यालय मंत्री अनमोल बंसल बलबीर गुर्जर बंटी पहलवान रवि गुर्जर अवतार सिंह पोसवाल हेमंत पोसवाल देशराज पोसवाल जितेंद्र गुर्जर ओबीसी मोर्चा के मुरैना मंडल अध्यक्ष जगबीर गुर्जर सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांख्यिकी अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

लोकसभा आम चुनाव-2024 धौलपुर के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में सांख्यिकी प्रकोष्ठ में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को पीएस-5 एवं मतपत्र लेखा 17 सी को एकत्रित कर चुनाव से संबंधित सूचनाएं संग्रहित एवं इन्द्राज करने हेतु पीएस-5 एवं मतपत्र लेखा 17 सी का प्रशिक्षण जिला कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया। प्रषिक्षण के दौरान मतदान दिवस के दिन प्रति 2 घंटे में मतदान की सूचनाएं प्राप्त करने, एन्कॉर पॉर्टल पर इन्द्राज करने एवं उसी दिवस रात्रि को मतदान पार्टियों से पीएस-5 की सूचनाऐं प्राप्त करने एवं एक्सेल शीट में पीएस-5 की सूचनाओं को फीड करने के बारे में बताया गया।

# सैफ लोदी बने भरतपुर अलवर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, नजर अहमद फरीद राष्ट्रीय संयोजक सोशल मीडिया प्रभारी अखिल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग एवं अकरम अली प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग सोशल मीडिया ने सैफ लोदी को भरतपुर अलवर लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। सैफ लोदी की नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों में हर्ष व्यक्त किया। लोदी ने कहा कि जो मुझे आला कमान ने जिम्मेदारी दी है मैं उसे बखूबी निभाऊंगा। उन्होंने सभी आलाकमान का आभार व्यक्त किया।



## नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर फैलाई दहशत

# व्यापारी से करीब 4 लाख की नगदी से भरा बैग लेकर भागे

**सैंपऊ ● खबरों की दुनिया**

क्षेत्र में दिनदहाड़े एक तूरी व्यापारी से लूट की वारदात सामने आई है। बाइक पर सवार होकर आए नकाबपोश तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। बदमाश व्यापारी से करीब 4 लाख की नगदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए हैं। बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायर भी किया है।

दूबेपुर स्थित जय करौली मां धर्म कांटे की है यह पूरी घटना है। बताया गया है कि व्यापारी दिनेश शर्मा पुत्र राधावल्लभ शर्मा तथा उनका एक साथी अंकित शर्मा धर्म कांटे पर थे। उनके एक अन्य साथी राजेंद्र शर्मा निवासी दुबेपुरा कुछ समय पहले किसी काम से बाहर निकल गए इसी दौरान बदमाशों ने रैकी कर ली और एक बाइक पर सवार होकर आए




नकाबपोश तीन बदमाश धर्म कांटे में अंदर घुस गए जहां उन्होंने हथियार दिखाते हुए कैश देने के लिए कहा तभी तुरी व्यापारी दोनों ही लोगों ने कैश देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने हवाई फायर भी किया इतने में दोनों लोग भयभीत हो गए और बदमाश नोटों से भरा बैग लेकर फरार हो गए हैं। बैग में करीब 4 लाख रुपए की नगदी बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना अधिकारी गंभीर सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित व्यापारी दिनेश सहित उसके साथी अंकित शर्मा से घटना को लेकर पूछताछ की है। पुलिस के द्वारा बदमाशों के संदिग्ध ठिकानों पर दबिशें दी जा रही हैं।

# श्री दुर्गा महामाया मंदिर पर लगी मातारानी की जात में उमड़े श्रद्धालु

### छप्पन भोग एवं फूल बंगला की लगी झांकी

**धौलपुर।** शहर के प्रसिद्ध श्री महामाया मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति जात का आयोजन गत दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।पूरे मंदिर परिसर को विविध रंगों के फूलों से सजाया गया साथ ही छप्पन भोग की झांकी भी लगाई गई। प्रात से ही मंदिर में दर्शनार्थियों की दर्शन हेतु लाइन लगी रही। शाम को मेले का उद्घाटन फीता काटकर गंगाबाई बगीची के महंत हनुमान दास महाराज एवं धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष नीरज शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद धौलपुर की उप सभापति श्रीमती माया शर्मा मौजूद रही। मेले का उद्घाटन करने के उपरांत महंत हनुमान दास ने उपस्थित दर्शनार्थियों को आशीर्वाद देने के साथ साथ 19 अप्रैल को अधिक से अधिक से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। महामाया का नयनाभिराम श्रृंगार विशेष रूप से बनारस से मंगाए गए लहंगे से पंचम बाथम के द्वारा किया गया।मातारानी की जात में दूर दूर से भक्त अपनी मन्नत पूरी होने पर दर्शनों के लिए आते है साथ ही हलवा पूरी चने का भोग लगाते है। इस अवसर आचार्य श्याम सुंदर शर्मा,मंदिर कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कश्यप, प्रदीप कश्यप, नीरज कश्यप,अरुण बाथम, पदम सिंह राना, निरोति कश्यप,शनि बाथम, नवल कश्यप, सुरेश बाथम, पप्पू सविता, प्रह्लाद मित्तल, मोहन कश्यप, तुषार गोयल, अशोक गर्ग, शीला, सतेंद्र पुजारी, तीरथ कश्यप, दीपक,भोला, शैलेश, कमल कश्यप एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी

### प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 6 बजे थमेगा प्रचार-प्रसार

**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति अवधि 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान, निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा। चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा।

## सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन दीपदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिलाओं के साथ दीप जलाकर दिया मतदान का संदेश

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में जिले में मतदान हेतु आमजन को जागरूक करने एवं प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत सातवें दिन गांधी पार्क परिसर में मौजूद राजीविका महिलाओं एवं कॉलेज व स्कूली छात्राओं ने दीपदान करके सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन आमजन को प्रेरित करने के लिए दीपदान के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान की शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में लोकसभा आम चुनाव के लिए माकूल इंताजमात किए गए है। महिलाओं, दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं के



लिए प्रत्येक मतदान बूथ पर विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने मतदाता जागरूकता दीपदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब के लिए बड़े गौरव की बात है कि संपूर्ण विश्व में भारत के लोकतंत्र की चर्चा होती है। उन्होंने जिले वासियों को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाना है। जिसके लिए सभी अर्ह नागरिकों को अपना मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता की अलख घर-घर जगाने के लिए आप सभी मतदान हेतु आमजन को प्रेरित करें।

उन्होंने सतरंगी सप्ताह के दीपदान कार्यक्रम की सफलता पूर्वक कराये जाने पर महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मतदान करने के लिए जिले वासियों से अपील की। जिला स्वीप कोर्डिनेटर डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकतंत्र के महापर्व निर्वाचन में मतदान करके अपना फर्ज निभाना होगा, क्योंकि युवा पीढ़ी के हाथों में ही देश का भविष्य है। इस अवसर पर सीडीईओ कृष्णा कुमारी,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक महेश कुमार मंगल,प्रशासनिक अधिकारी अशोक उपाध्याय सहित राजीविका महिलाओं सहित स्कूली एवं कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बाड़ी अपना घर आश्रम महिला इकाई ने प्रभुजियों को कराया भोजन

**बाड़ी ● खबरों की दुनिया**

अपना घर आश्रम अध्यक्ष कमलेश गर्ग अपना घर महिला इकाई की अध्यक्ष विमला गर्ग ने बताया कि आज नवदुर्गा महोत्सव के आठवें दिन अपना घर में रहने वाले सभी प्रभुजियों को महिला इकाई की टीम ने अपने हाथों से फलाहार कराया। उन्होंने कहा कि जो खुद खाने में आनंद नहीं है वह दूसरों को खिलाने में आनंद है। विमल गर्ग ने कहा कि हमारी समिति समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है और आगे भी इसी तरह सभी सामाजिक एवं अपना घर के कार्य में महिला इकाई अग्रणी रहेगी। भोजन कार्यक्रम के दौरान अपना घर आश्रम की अध्यक्ष कमलेश गर्ग अपना घर महिला इकाई की अध्यक्ष विमला गर्ग सचिव कुसुम मित्तल अपना घर आश्रम की



सचिव ऊषा मित्तल प्रिंसी गर्ग, लता मंगल, विद्या देवी जिंदल, नीलम मंगल ,रानी गर्ग, मीडिया प्रभारी रोशनी शिवहरे, आदि महिलाएं उपस्थित रही।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## क्षत्रिय समाज की क्षत्राणियों ने 651 कन्याओ का पूजन किया



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** दुर्गा अष्टमी पर दुर्गा माता मंदिर पर कन्या पूजन और भोजन का आयोजन हुआ। अध्यक्षा राजकुमारी चौहान ने बताया कि पौराणिक शास्त्रों के अनुसार इंद्रदेव देवी मां को प्रसन्न करना चाहते थे। जिसे अपनी इच्छा को लेकर इंद्रदेव ब्रह्माजी के पास पहुंचे और उन्हें माता दुर्गा को प्रसन्न करने का उपाय पूछा। तब ब्रह्माजी ने इंद्रदेव से कहा कि, देवी माता को प्रसन्न करने के लिए आपको कन्याओं का पूजन करना चाहिए और उन्हें भोजन कराना चाहिए। ब्रह्माजी की सलाह के बाद इंद्रदेव ने माता की विधि-विधान से पूजा करने के बाद कुंवारी कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोजन करवाया।
क्षत्रिय समाज की क्षत्राणीयों द्वारा दुर्गा माता मंदिर पर दुर्गा अष्टमी के सुअवसर पर कन्याओं का पूजन कर सामुहिक रूप से माताजी की आरती के साथ-साथ कन्याओं की भी आरती की। तत्पश्चात 651 कन्याओं और बटुक बच्चों सहित 21 धर्मगुरुजनों को माताजी की भोजन प्रसादी ग्रहण कराई। कन्या पूजन और प्रसादी में अध्यक्षा राजकुमारी चौहान, रमा कंवर, लक्ष्मी कवर, वर्षा कवर, बसंत कवर, मधु कवर, निर्मल कवर, मीनू कंवर, शकुंतला कंवर, अनु कंवर, सुमित्रा कवर, मंजू कंवर, ममता कंवर, उमा कंवर चौहान, मंजू कवर सहित क्षत्राणियों ने कन्या पूजन भोजन प्रसादी में सेवाए दी।

# मेहंदी लगाकर की मतदान की अपील, जागरूकता अभियान जारी

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार मतदान के लिए जागरुकता मेहंदी कार्यकम प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बोराव में आयोजित हुआ। डॉ. जय प्रकाश कुमावत, डॉ. घनश्याम सिंह द्वारा मरीजो को देखने के साथ सभी महिला कर्मचारियो ने हाथ पर मेहंदी लगाकर मतदान करने की अपील की।
आंगनबाडी केन्द्र बोराव पर सरपंच अनुराग जैन द्वारा मतदान के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। सभी महिला कर्मचारियों ने मेहन्दी लगा कर ग्रामवासियो को मतदान के लिए जागरुक किया।
प्रतापपुरा में सी.एच.ओ. सीमा हरजिन ने 45 महिलाओ को मेहदी लगाकर मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में आंगनबाडी कार्यकर्ता सुनीता धाकड़ ने सहयोग किया। ग्राम विकास अधिकारी भरत कुमार निहालानी ने सभी कर्मचारियो को अवगत कराया कि आगामी 19 अप्रेल को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में बोराव ग्राम पंचायत में कर्मचारी पैदल मार्च निकालेंगे।
मुख्य समारोह रामलीला मैदान पर होगा। कार्यक्रम में कृषि पर्यवेक्षक सरिता बागड़ी, वन विभाग से पुष्पा राणावत व श्योना मीणा व आंगनबाडी कार्यकर्ता कंचन, निशा, सूरज देवी, आशा, तारा देवी, मंजु लक्षकार, आशा राठोर, राजिविका से मनभरी सुथार ने सहयोग किया। ग्राम पंचायत में 360 महिलाओ को मतदान की मेहदी लगाई गई, पेयजल नरेगा कार्य पर महावीर ने सहयोग किया।






## दुर्गा अष्टमी पर मेले का हुआ आयोजन



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर के रमेश स्वामी पार्क पर चैत्र मास की दुर्गाष्टमी पर एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। जहां व्यापारियों ने बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलें सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाई। कस्बा भुसावर में आयोजित हुए एक दिवसीय मेले में लगी मिट्टी से बने बर्तनों की दुकानों पर लोगों ने गर्मी को देखते हुए बर्तन खरीदे तो दूसरी ओर मेले में चाट एवं झूलों का भी जमकर आनन्द लिया। भुसावर में आयोजित हुए मेले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। वहीं दूसरी ओर कस्बा भुसावर के शैतानपाडा मन्दिर से पुरानी परम्पराओं को निभाते हुए माता का झण्डा एवं माता की शोभायात्रा बैण्ड बाजों के साथ निकाली गयी। भक्तों ने माता के दर्शन कर आरती उतारते हुए हाजरी लगायी। माता को कराये गये नगर भ्रमण के दौरान भक्तों द्वारा गाये जा रहे भजनों से पूरा वातावरण गुंजायमान और भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर मुख्य बाजार, पुरानी अनाज मण्डी, चौर का मन्दिर से खेल मैदान पहुँची। जहां माता के भजन गाकर माता को रिझाया गया। जिसके बाद शोभायात्रा का समापन मन्दिर पर महाआरती करते हुए किया गया।

## सदर सेकेट्री का हुआ इस्तकबाल




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसायटी सदर, सेकेट्री और पदाधिकारियों का भैंसरोडगढ़ जामा मस्जिद में औलादिया अंजुमन कमेटी ने इस्तक़बाल किया।
इस अवसर पर सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी ने कहा कि नेक राह पर चले, बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे और मिलजुलकर सदभाव के साथ रहे। भैंसरोडगढ़ सदर एहसान खान ने मस्जिद और मदरसा के बारे में जानकारी दी।
सेकेट्री मोहम्मद हुसैन दादा, इम्तियाज़ हुसैन, मोहम्मद हनीफ मंसूरी, अज्जू खान, अबरार खान, शब्बीर ताई, जफर भाटी, कौसर अली का कमेटी ने माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम में पेश इमाम अब्दुल जब्बार, एडवोकेट जान मोहम्मद, अख्तर हुसैन, अब्दुल हबीब, शराफत पठान, फारूक पठान, अब्दुल रहीम, असलम खान, इरफान भाटी, इरफ़ान खान, फैय्याज मोहम्मद समेत मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल रहे।

## विद्यालय में मनाया ब्लू-डे, बांधे परिंडे



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** श्रद्धालय पब्लिक स्कूल में मंगलवार को ब्लू-डे मनाया। इस उपलक्ष में पेड़ों पर परिंडे बांध कर उनमें पक्षियों के लिए पानी भरा गया ताकि तपती गर्मी में उन्हे राहत मिल सके। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन ए जी मिर्जा, डायरेक्टर डॉ अजहर मिर्जा, डॉ मजहर मिर्जा ने बच्चों को पानी का महत्व बताते हुए कहा कि ये पक्षियों के लिए भी उतना ही जरूरी है जितना की मनुष्य के लिए। हम सबको मिलकर गर्मियों में पक्षियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

## भव्य जुलूस निकाला श्री राम कथा शुरू



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भैंसरोडगढ़ स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर कमेटी के तत्वाधान में 9 दिवसीय राम कथा का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कमेटी के नरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शाम 7 बजे ऊपरला गड नए मंदिर से धूमधाम से जुलूस निकाला गया।
जुलूस में मनमोहक झांकियां सजाई गई। जुलूस में राम कथा के साथ भक्त ने अपने सर पर श्री राम कथा लेकर चले। जुलूस मुख्य मार्गो से होता हुआ संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां पंडित महाराज संत मुरली चंडीगढ़ द्वारा श्रीराम कथा का शुभारंभ किया। आगामी 20 अप्रैल को पंच कुंडीय यज्ञ यज्ञशाला का निर्माण यज्ञ कुंडों का निर्माण शुरू होगा।
देवकीनंदन गौड ने बताया कि पंचकुंड में यज्ञ की पूर्णाहुति राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर की जाएगी। आगामी 24 अप्रैल को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होगी।

## बोराव में राठौर समाज की बैठक आयोजित




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद प्रत्याशी चंद्रप्रकाश जोशी के समर्थन मे बोराव मे राठौर समाज की बैठक आयोजित हुई द्य बैठक में राठौर समाज के जिलाध्यक्ष गणेश साहू व भैसरोडगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील जैन और मंडल के पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ लोगो ने साफा व माला पहना कर स्वागत किया।
समाज के सभी लोगो को संबोधित करते हुए साहू ने कहा की पीएम मोदी देश का गौरव है और पीएम मोदी के कार्यकाल में कई काम हुए। इसी बीच भाजपा मंडल अध्यक्ष ने भी समाज के लोगो को आने वाली 26 तारीख को भाजपा प्रत्याक्षी के समर्थन में वोट करने की अपील की द्य बैठक में भाजपा यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बंटी मेवाड़ा, सुरेश लबाना, मनीष गांधी, लाभचंद राठौर, रामलाल भील, रविप्रताप सिंह, ओम राठौर, भागीरथ वैष्णव, धर्मेंद्र पूरी, बाबूलाल मेहर, रोशन मेहर, पीरु धाकड़, हरिमोहन राठौर, हरीश राठौर, ज्ञानमल राठौर, जगदीश राठौर, प्रकाश, गणेश, भगवान राठौर, विष्णु राठौर, सत्यनारायण राठौर, फोरू लाल राठौर, ओम सेन, जीवन धाकड़, बाबू लाल धाकड़ और राठौर समाज के गणमान्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह में क्विज, मॉक ड्रिल, निबंध व स्लोगन का हुआ आयोजन

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** राजस्थान परमाणु बिजलीघर के कर्मचारियों व संविदा कर्मचारियों आम नागरिकों, स्कूली बच्चों और चिकित्सा कर्मियों को अग्नि संरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न अग्नि संरक्षा कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षणों, जागरूकता कार्यक्रमों और मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कर्मचारियों संविदा कर्मचारियों के लिए क्विज, निबंध, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताओं एवं अग्निशामकों को प्रयोग करने का प्रशिक्षण व प्रदर्शन का आयोजन किया। इसी क्रम में आपात स्थिति से निपटने के लिए सी.एम.एम. स्टोर आर.आर.साइट में मोक ड्रिल करवाई गई। फायर फाइटिंग करने के अग्नि उपकरणों एवं फायर टेंडर का उपयोग कर आग पर तुरंत काबू पाने का डेमो किया। ड्रिल के दौरान अग्नि में फंसे घायल लोगों (नाटकीय) को रेस्क्यू किया गया। एम्बुलेंस द्वारा फर्स्ट-ऐड-सेंटर भेजने का डेमो किया गया। भारी पानी सयंत्र फायर सर्विस एवं केऔसुब की एस.टी.एफ की टीमें भी ड्रिल के दौरान सहायता के लिए मौजूद रही एवं उनका कार्य सराहनीय रहा। उप कमाण्डेन्ट एस. वेंकट रेड्डी-केऔसुब (अग्नि) एवं उप कमाण्डेन्ट विवेक कुमार केऔसुब ने अग्निशमन कर्मचारियों को संबोधित करते हुये उनके कार्य कि प्रशंसा की और दमकल कर्मचारियों को टीम वर्क व अनुशासन में रहकर कार्य करने को कहा। ड्रिल के प्रशिक्षक और मार्ग-दर्शन के लिए सचिन गुप्ता वैज्ञानिक सहायक, सेफ्टी 5व 6 एवं फायर सपोर्ट ग्रुप-आर.आर.साईट के गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे। ड्रिल का संचालन निरीक्षक (अग्नि) रितेश घोष एवं एम. पी. हरिकुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर सी.एम.एम. स्टोर के जय प्रकाश जोशी, मेल नर्स सत्य नारायण मीणा, भारी पानी सयंत्र के लीडिंग फायरमैन सुशिल कुमार मिश्रा, निरीक्षक (केऔसुब) वाई रमेश एवं अन्य फायर कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।




## विद्यालय में गायत्री हवन अष्टमी पूजन कार्यक्रम संपन्न



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** चैत्र नवरात्रि की शुक्ल पक्ष अष्टमी पर मंगलवार को शहर के सिनर्जी पब्लिक स्कूल में गायत्री हवन अष्टमी पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान गुरु शिष्य के बीच की महिमा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामवीर सिंह जादौन, संतोष सोनी, अंजना सिंह, अंजू धाकड़, दीप्ति, संतोष सेन, ममता सहित विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण हुआ।

## शार्ट सर्किट से छप्पर पोश मकान में लगी आग



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर की किशन कॉलोनी में एक जने के छप्पर पोश आवास में शॉर्ट सर्किट होने के चलते अचानक आग लग गई। जिस पर भुसावर दमकल ने काबू पाया। दमकल कर्मी नवल हरसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा भुसावर की किशन कॉलोनी स्थित कुंवर सिंह पुत्र बृजवासी जाति गुर्जर के छप्परपोश आवास में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की जानकारी भुसावर थाना पुलिस से प्राप्त हुई। जिस पर तुरंत दमकलकर्मी चालक दशरथ गुर्जर एवं दमकल कर्मी ब्रह्मानंद शर्मा और भजन लाल मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन आग से पीड़ित का समान सोने चांदी के आभूषण, कपड़े, नगदी, गेहूं, पशु चारा, ईंधन सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह खाक हो गया।

## बल्लभगढ माता देवी मेला में पहलवानों ने दिखाए दावपेंच

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** श्री माता देवी मेला कमेटी,ग्राम पंचायत एवं गांव के सर्व समाज के द्वारा गांव बल्लभगढ में चल रहे सरपचं कस्तुरी मीणा के सानिध्यं में 112 वां माता देवी का मेला के दूसरे दिन कुश्ती दंगल का आयोजन मेला कमेटी अध्यक्ष दिलीप मीणा की अध्यक्षता में हुआ,जिसमें दूर-दराज से आए पहलवानों ने दावपेंच दिखाकर दर्शकों की वाही-वाही हासिल की। कुश्ती दंगल में स्थानीय व भरतपुर के पहलवानों के अलावा उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश आदि प्रान्तों के पहलवानों ने कुश्तियां लडी, जिसमें दिल्ली,मथुरा,भरतपुर, दौसा,करौली डीग जिले के पहलवानों का दबदबा रहा। विजेता पहलवानों को ग्राम पंचायत एवं मेला कमेटी के द्वारा ईनाम दिया गया। मेला के सरंक्षक कलुआराम मीणा व जिला परिषद सदस्य रमेशचन्द सैनी ने बताया कि कमेटी द्वारा घोडा-घोडी,ऊंट-ऊंटनी,पुरूष व बच्चों की दौड कराइ गई,घोडा-घोडी दौड में गांव बल्लभगढ निवासी श्यामलाल मीणा अव्व्ल रहे,गोला फैंक में मागरैन एवं पुरूष दौड में नयागांव खालसा प्रथम रहा।

## चुनाव में नियुक्त 2915 अधिकारियों व कार्मिकों ने फेसिलिटेशन सेंटर पर डाक मत पत्रों से किया मतदान



खबरों की दुनिया

**बूंदी।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। इसके तहत तीसरे दिन मंगलवार को 227 बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं।
चुनाव ड्यूटी में नियुक्त कार्मिकों ने फेसिलिटेशन सेंटर पर किया मतदान लोकसभा आम चुनाव, 2024 में डाक मतपत्र के लिए आवेदन करने वाले मतदान दलों में नियुक्त कार्मिक चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी सेक्टर अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, बीएलओ, पुलिस कार्मिक, होम गार्ड, आरएसी, ड्राइवर, क्लीनर, विभिन्न शाखाओं व रिटर्निंग अधिकारियों के कार्मिकों ने पुलिस ऑडिटोरियम में फेसिलिटेशन सेंटर पर पहुंचकर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मंगलवार को पंजीकृत डाक मत पत्र आवेदनकर्ता में से 2915 ने बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया।

## 26 मई को निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा



खबरों की दुनिया

**नदबई।** यहां ब्राह्मण धर्मशाला में तहसील अध्यक्ष अशोक उपाध्याय की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें भगवान परशुराम की शोभायात्रा को लेकर चर्चा करते दिलीप होंडा को यात्रा संयोजक नियुक्त किया। बाद में भगवान परशुराम के 10 अप्रेल को अक्षय तृतीया पर कलश यात्रा व जलाभिषेक व 26 मई को बैण्ड-बाजे के बीच भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया। बैठक में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष जगदीश बौहरा, महामंत्री त्रिलोक शास्त्री, अजय कटारा, दुलीचंद लवानिया, मदन मोहन शर्मा, भगवत उपाध्याय, नन्दकिशोर उपाध्याय, तारा लवानिया, दिलीप बहरामदा,राजेश खेडी,रोहित उपाध्याय, यादवचंद लवानिया, नत्थी लवानिया,हरिमोहन गौतम आदि मौजूद रहे।

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

# महिलाओं ने दिया जागरूकता का संदेश



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिले में स्वीप अभियान के अंतर्गत सतरंगी सप्ताह में महिलाओं की ओर से मार्च निकालकर आमजन को मतदान के लिए जागरूक किया।

एसडीएम समुन सोनेल ने कलेक्ट्रेट परिसर से महिला मार्च को हरी झण्डी दिखाई। मार्च में आंगडबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगनी, नर्सिंग छात्रएं व सरकारी विभाग की महिला कर्मचारीयों ने हिस्सा लिया।

महिला मार्च कलेक्ट्रेट परिसर से नगर परिषद, इंद्रा नगर, मण्डावा मोड़ से होते महिला अधिकारिता विभाग पर सम्पन्न हुआ। जहां स्वीप कोऑर्डिनेटर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बिजेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलवाई गई।

# फ्यूचर डायल प्रोग्राम तहत छात्राओ के करियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ



खबरों की दुनिया


**नवलगढ़।** ग्राम मुकुंगद मे रमादेवी मुरारका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में फ्यूचर डायल प्रोग्राम के तहत छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें टीवी कलाकार व मॉडल रूही चतुर्वेदी ने छात्राओं को मॉडलिंग तथा एक्टिंग करियर पर मार्गदर्शन दिया । इस अवसर पर रूही चतुर्वेदी के साथ उनके पिता फिल्म निर्माता और निर्देशक नंदकिशोर चतुर्वेदी और उनकी माता मंजू देवी तथा उनके ताऊजी व्यवसायी सुरेंद्र उपस्थित रहे ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीनाक्षी तंवर, प्रधानाचार्य किरण शर्मा ,प्रधानाचार्य सरोज शर्मा ने रूही चतुर्वेदी का माल्यार्पण व साफा पहनकर स्वागत अभिनंदन किया स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता के लिए मतदान की शपथ समस्त गणमान्य जन व समस्त स्टाफ सदस्यों को दिलाई गई। विद्यालय की छात्रों ने रूही चतुर्वेदी के साथ फोटोग्राफ और ऑटोग्राफ लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व अन्य अभिभावक गण विद्यालय में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता ताखर द्वारा किया गया।

# जिला प्राधिकरण सचिव ने किया विमंदित पुनर्वास गृह का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

खबरों की दुनिया

**अलवर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मीना अवस्थी के द्वारा मंगलवार को विमंदित छीतरमल लाटा सोसायटी विमंदित पुनर्वास गृह तथा सखी वन स्टॉप सेंटर तथा आरती बालिका गृह अलवर का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार किया गया। सर्वप्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला न्यायाधीश मीना अवस्थी द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर अलवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर प्रभारी सहित 4 कर्मचारीगण उपस्थित मिले। इसके साथ ही मौके पर मीना अवस्थी द्वारा 01 महिला की काउंसलिंग की गई। मीना अवस्थी के द्वारा सेंटर के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया एवं प्रदान की जारी सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर आश्रय स्थल उपस्थित केन्द्र प्रभारी से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात् विमंदित छीतरमल लाटा सोसायटी विमंदित पुनर्वास गृह, अलवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर 33 विमंदित बालक उपस्थित पाए गए एवं 02 विमंदित बालक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अनुमति से अपने घर जाना बताए गए हैं। मीना अवस्थी के द्वारा मौके पर रिकॉर्ड एवं चिकित्सकीय जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया एवं मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात आरती बालिका गृह अलवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर 35 बालिकाएं व 6 कर्मचारीगण उपस्थित पाए गए। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीना अवस्थी के द्वारा बालिकाओ से वार्ता की गई तथा गृह में निवासरत बालिकाओ को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओ का जायजा लिया गया तथा गृह के रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया गया।

# शाकंभरी कुटुंब परिवार की निशान पदयात्रा आज




खबरों की दुनिया

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के निकटवर्ती अरावली की पहाड़ियों सकराई धाम स्थित मां शाकंभरी की निशान पदयात्रा आज, 17 अप्रेल को निकाली जाएगी।

श्री शाकंभरी कुटुंब परिवार के मूलचंद सैनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी को पांचबत्ती स्थित श्री गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर हजारों श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते अपने निशान सकराय धाम स्थित शक्तिपीठ मां शाकंभरी को अर्पित करेंगे। 17 किलोमीटर के इस पैदल रास्ते में निशान पदयात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के लिए जलपान, फल-फ्रूट आदि की व्यवस्था जगह-जगह रहेगी।

## श्री दुर्गा माता मंदिर में भण्डारा आज



खबरों की दुनिया

**अलवर।** राम नवमी पर बुधवार को देववनगरी भूरासिद्ध मंदिर अलवर स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में भण्डारे का आयोजन होगा। मंदिर परिवार की ओर से दी गई जानकारी में बताया कि भण्डारा प्रातः 11 बजे से शुरु होगा। जहां भक्तजन माता के दर्शन कर प्रसादी स्वरूप मां का आशीर्वाद लेंगे। भण्डारे से पहले माता की पूजा-अर्चना ओर भजन होंगे। वहीं महाआरती कर माता को प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद भण्डारा शुरु होगा।

# आईएएस बने माधव गुप्ता का किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिले के वरिष्ठ फिजिशियन स्व. एचके गुप्ता के पौत्र व राजेश गुप्ता के बेटे माधव गुप्ता आईएएस बन गए हैं। माधव की ऑल इंडिया में 132वीं रैंक आई है। उन्होंने पहले दिल्ली तथा अब घर से ही आईएएस की तैयारी की। सफलता पर अग्रवाल समाज, श्री गोपाल गौशाला, श्री गल्ला व्यापार संघ, श्री खेमी शक्ति मंदिर, वस्त्र व्यापार संघ, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था ने माधव की माताश्री अनीता एवं पिता राजेश, दादी श्रीमती शांति देवी, भाई एवं भाभी श्रीमती निकिता एवं राघव गुप्ता के साथ माधव का साफा एवं दुपट्टा ओढाकर माल्यार्पण के साथ श्री राम मंदिर अयोध्या का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर दौरान संपत चुडैलावाला, शिवचरण हलवाई, अनिल केजडीवाल, प्रमोद खंडेलिया, श्यामसुंदर टीबडा, विश्वनाथ टीबडा, पिंकू टीबडा, अजीत राणासरिया, आनंद टीबडा, विपीन राणासरिया, महेंद्र टीबडा, डॉ. डीएन तुलस्यान, शशिकांत मोदी, मनीष अग्रवाल, चंद्र प्रकाश शुक्ला, प्रमोद चोटिया आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा सीएम नायब सैनी उदयपुरवाटी आए

खबरों की दुनिया

**उदयपुरवाटी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मंगलवार को उदयपुरवाटी आए। जहां सैनी का लोगों ने 51 किलो फूलों की माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। सीएम नायब सैनी के साथ सांसद परवेश वर्मा, हरिराम रणवां, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी थे। यहां जयसिंह मांठ, दशरथ सिंह शेखावत, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, पवन मावंडिया, विजेन्द्र सिंह इन्द्रपुरा, प्रधान माया गुर्जर, पौंख चेयरमैन कोमल शेरावत, उदयपुरवाटी चेयरमैन रामनिवास सैनी, सुरेन्द्र सैनी फूलवाला, ख्यालीराम गुर्जर, विनय सैनी, अजय भालोठिया, मनोज सैनी सीकर, मदनलाल सैनी, लक्ष्मणराम सैनी, गीदाराम सैनी, महेश सैनी, झाबरमल सैनी, बाबूलाल सैनी कपड़ा वाले, महामंत्री राजेन्द्र ढ़ेनवाल, वीरेन्द्र शेखावत, मजदूर संघ के श्यामलाल सैनी, सरपंच धर्मराज सैनी, सरपंच जतनकिशोर सैनी, मूलचंद सैनी दीपपूरा, अरूणा सिहाग, सरोज श्योराण आदि फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# नए मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** शहर की बूथ संख्या-50 पर मतदान करने वाले युवा व प्रथम बार के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। धर्मदास भवन में आयोजित कार्यक्रमों में सर्व प्रथम युवा मतदाताओं का तिलक, माल्यार्पण के साथ मुंह मीठा करवाया गया। बूथ अवेयरनेस कमेटी के सदस्य शिवचरण पुरोहित, शुभकरण चोपदार, पवन पांडेय, श्रीकांत पंसारी, रूपेश तुलस्यान, पुनीत क्यामसरिया ने युवा मतदाताओं को ÷सर्व प्रथम मतदान फिर जलपान÷ का नारा देते हुए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। बालिका मतदाताओं ने एक दूसरे के मेहंदी लगाई। इस अवसर पर तनीषा पंसारी, खुशी वर्मा, अमीषा वर्मा, श्रेया शर्मा, साक्षी शर्मा, रिया तुलस्यान, वर्षा जगनानी, तनु जगनानी, मुस्कान मोदी, अनीशा पांडे, आर्ची मोदी, मोहित धनधारिया, शिवम तुलस्यान, सौरभ निर्मल, संस्कार कुमावत, कोमल जगनानी आदि ने मतदान की शपथ ली।

# राजेंद्र भाम्बू के आवास पर हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** अग्रसेन सर्किल बगड़ रोड स्थित राजेंद्र भाम्बू के कार्यालय पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता झाबर सिंह खर्रा नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री राजस्थान सरकार थे। विशिष्ट वक्ता के रूप में हरिराम रणवा थे। विशिष्ट अतिथि पवन मावंडिया, राजीव सिंह चौधरी गुड्डू, कैलाश मेघवाल, रोहिताश धांगड़, राजेंद्र शर्मा, सुभाष शर्मा, शीशराम नेहरा, सरोज श्योराण, शौकत अली खान, रामनिवास डूडी, दिलीप मीणा, अरुणा सिहाग, पूनम चौधरी थे। आयोजक राजेंद्र भाम्बू ने कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता का हर कार्यकलाप राष्ट्रहित की साधना करता है। इस दौरान गायक आत्माराम जांगिड़ ने राष्ट्रभक्ति की प्रस्तुतियां देकर माहौल को देशभक्ति के रंग से सरोवर किया।

# इंटरनेशनल क्वालीफाई करने पर राहुल का सम्मान



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** शेखावाटी पब्लिक स्कूल हेतमसर के छात्र राहुल टॉक के राष्ट्रीय स्तर की जू - ज़ित्सू प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर विद्यालय में राहुल सहित माताश्री का सम्मान किया गया। संस्था चेयरमैन संतोष मित्तल व प्रबंध निदेशक निर्मला देवी ने छात्र को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शैक्षणिक निदेशक ज्योति मित्तल ने बताया कि राहुल अब अगले चरण में अबु धाबी में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भारत की ओर से खेलेगा। यह सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। कार्यकारिणी निदेशक दीपिका मित्तल ने माल्यार्पण कर राहुल की माताजी का सम्मान किया।

# मतदान जागरूकता रैली निकाली



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट व श्री साईं बाबा विद्या पीठ आजम नगर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार सुबह मतदान जागरूकता रैली निकाली। लोकमत परिष्कार में आओ करें मतदान, करें राष्ट्र का निर्माण में अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर दिनेश शर्मा प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थित सभी मतदाताओं को अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रेली में छोटे छोटे बच्चे नारों के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की। रेली में स्कूल स्टाफ, अधिकारी व ट्रस्ट के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया की अपना एक मत राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाएगा।इस अवसर पर संरक्षक नारायण पांडे, आबिद अली, सुरेन्द्र कुमार, महेंद्र कुमार, मुकेश कुमारी, प्रियंका, साजिया उपस्थित रहे।

# झुंझुनूं एकेडमी के छात्र लोकेश ने जीती माइगेम स्पोर्ट्स ओपन बैडमिंटन




खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के होनहार खिलाड़ी लोकेश ने माइगेम स्पोर्ट्स ओपन बैडमिंटन जीती। स्कूल स्पोर्ट्स कोच अमित कुमार ने बताया कि फ्लो बैडमिंटन एकेडमी गुरुग्राम में खेली गई।

तीन दिवसीय माइगेम स्पोर्ट्स ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंडर-11 छात्र वर्ग सिंगल में झुंझुनूं एकेडमी के छात्र लोकेश कुमार ने आगरा के रोबिन सिंह को फाइनल मैच में 10-21, 21-11 , 24-22 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीतने के साथ-साथ सर्टिफिकेट, गोल्ड मेडल व 7000 रू. का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने छात्र लोकेश को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि लोकेश ने पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी कीर्तिमान रचकर स्कूल व अपने माता-पिता तथा परिवार का नाम रोशन किया है। जिला बैडमिंटन संघ अध्यक्ष व झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैड मिस्ट्रेस उमा शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि ने छात्र लोकेश को बधाई दी।

### इस बार भी कैला माता को नहीं पहनाए जा सके सोने-चांदी के विशेष आभूषण

**भरतपुर।** चैत्र नवरात्रि की दुर्गाष्टमी पर मंगलवार को घरों और मंदिरों में भक्ति का माहौल रहा। देवी उपासकों ने अष्टमी पर देवी मां की विशेष पूजा अर्चना की। इधर, जिले के प्रमुख आस्थाधाम श्री कैलादेवी झील का बाड़ा में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया।मंदिर भवन के बाहर दिनभर श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। दुर्गाष्टमी पर राजराजेश्वरी कैला माता का विशेष श्रृंगार किया गया। लेकिन इस बार भी देवस्थान विभाग की लापरवाही के चलते राजराजेश्वरी कैलामाता को उनके विशेष आभूषण सोने की गिन्नियां, बाजूबंद और जौ माला नहीं पहनाई जा सकी। जबकि पहले हर साल नवरात्र में माता रानी को उनके विशेष आभूषण पहनाकर श्रृंगार किया जाता है।

# जतिन कुमार बने प्रथम प्रयास में ही आईएएस

## -राजस्थान मेघवाल समाज ने जताई खुशी

खबरों की दुनिया

**अलवर।** यूपीएससी परीक्षा-2023 में फाइट करते हुए खैरथल-तिजारा जिले के मुण्डावर तहसील के ग्राम बेहरोड गांव निवासी जतिन कुमार ने आल इंडिया रैंक 364 प्राप्त कर आईएएस बने। इस अवसर पर पूरे गांव में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी ग्रामवासियों ने खुशी जताई।




राजस्थान मेघवाल समाज, जिला अलवर के महासचिव डॉ. महेश गोठवाल ने बताया कि जतिन कुमार का जन्म 22 जून 1995 को ग्राम पोस्ट बेहरोज, तहसील मुण्डावर जिला अलवर में हुआ था। इनकी माता अनिता देवी एवं पिता लक्ष्मीनारायण राजकीय सेवा में शिक्षक है। मेधावी छात्र जतिन कुमार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की माध्यमिक परीक्षा 2009 में राज्य स्तरीय मैरिट में 15वॉ स्थान प्राप्त कर चुके है। इन्होंने 10वीं कक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन्होने 10वीं कक्षा के लिए आदर्श विद्या मन्दिर, खैरथल में अध्ययन किया। जतिन कुमार ने वर्ष 2011 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की उच्च माध्यमिक परीक्षा में 95.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में (जीव विज्ञान समूह में सर्वोच्च मैरिट) राज्य स्तरीय मैरिट में 9वॉं स्थान प्राप्त किया। जतिन कुमार को अपनी उपलब्धियों के लिये इंस्पायर अवार्ड, भास्कर अवार्ड, मैडिकल अवार्ड, एकलव्य पुरस्कार आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। दिनांक 4 दिसम्बर 2011 को इन्हें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान द्वारा मुम्बई में प्रतिष्ठित डॉ. अम्बेडकर नेशनल मैरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। जतिन कुमार ने रसायन विज्ञान में सादर स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद भूगोल विषय में स्नातकोत्तर किया। इन्होंने भूगोल में नेट जेआरएफ परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की है। जतिन कुमार ने पूर्व में बैंक पीओ, इसरो, भारतीय खाद्य निगम आदि में चयन प्राप्त किया हुआ है। आईएएस बनने का अपना सपना पूरा करने के लिए इन्होंने भारतीय खाद्य निगम की नौकरी छोड़कर भिवाडी में रहकर वैकल्पिक विषय भूगोल लेकर तैयारी की और प्रथम प्रयास में ही 364वी रैंक हासिल की है।

डॉ. मेघवाल ने बताया कि जतिन कुमार की इस उपलब्धि से मेघवाल समाज गौरवान्वित है और राजस्थान मेघवाल समाज के प्रदेश महासचिव निहाल सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री, कोषाध्यक्ष थावरमल, महासचिव डॉ. महेश गोठवाल एवं समस्त कार्यकारिणी तथा राजस्थान मेघवाल समाज के सभी सदस्यों के द्वारा जतिन कुमार एवं उनके परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गयी हैं।

## साइलेंस पीरियड में थम जाएगा प्रचार-प्रसार, जुलूस, सभा नहीं होंगे

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के तहत लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान समाप्ति के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटे को साइलेंस पीरियड घोषित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने बताया कि 17 अप्रैल को सांय 6 बजे (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व) से आरंभ होकर 19 अप्रैल को सांय 6 बजे तक (मतदान समाप्ति) की अवधि के दौरान साइलेंस पीरियड रहेगा।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 की उपधारा (1) के अनुसार इस कालावधि के दौरान कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न सम्मिलित होगा व न ही उसे संबोधित करेगा। साथ ही चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं किया जाएगा।

कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं किया जा सकेगा।

## गहलोत का भाजपा पर सियासी हमला, केंद्रीय मंत्रियों को कहा नाकारा-निकम्मा

# जिस पार्टी ने खालिस्तान बनने से बचाया उसके खाते सीज किए : अशोक गहलोत

**खबरों की दुनिया**

**अजमेर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईआरसीपी के मुद्दे पर भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों को नाकारा-निकम्मा बता दिया। उन्होंने कहा- भाजपा के 24 सांसदो से पूछो आपका राज है दिल्ली के अंदर, आपने राजस्थान के लिए क्या किया। गहलोत ने कहा- देश को खलिस्तान बनने से बचाने वाली पार्टी के खाते बंद कर दिए हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड पर पीएम घूम-घूम कर सफाई दे रहे हैं। जनता भी अब समझ गई है इसलिए हर दिन हमारे पक्ष में हवा बनती जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को अजमेर से लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में सभा करने पहुंचे थे।

**अमेरिका-जर्मनी कह रहे यह क्या मजाक हो रहा है**

गहलोत ने कहा कि देश की वित्त मंत्री सीतारमण के पति ने कहा कि यह (इलेक्टोरल बॉन्ड) घोटाला हिंदुस्तान का सबसे बड़ा घोटाला है। इससे बड़ा सर्टिफिकेट क्या चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में हालत बहुत गंभीर है।

दो-दो मुख्यमंत्री जेल में बैठे हुए हैं। अमेरिका और जर्मनी ने भी कहा कि यह क्या मजाक हो रही भारत के अंदर।

संवैधानिक पदों पर चुने हुए लोगों को जेल के अंदर डाल दिया। कांग्रेस के 12 खातों को बंद कर दिया।



### पीएम इलेक्टोरल बांड की सफाई देते घूम रहेः गहलोत

पूर्व सीएम गहलोत ने कहा- बीजेपी चाहती क्या है, यह समझ में नहीं आता है। देश चला रहे हैं या मजाक कर रहे हैं। ईडी, इनकम टैक्स के छापे डाल रहे हैं। करप्ट बता रहे हैं हमारे लोगों को और जैसे ही वो भाजपा जॉइन करते हैं बीजेपी की तो वाशिंग मशीन लगी हुई है वहां पर तो अपने आप दूध का धुला हुआ बाहर निकल जाता है। इलेक्टोरल बॉन्ड का घोटाला किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। प्रधानमंत्री उसकी सफाई देते घूम रहे हैं। ईडी भेज-भेजकर 50-100 करोड़ रुपए मंगा लिए।

### प्रतिदिन हमारे पक्ष में हवा बन रही

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस आज मैदान में चुनाव के लिए उतर रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा कि यह लोकतंत्र है क्या ? जहां पर कांग्रेस का बड़ा योगदान देश की आजादी के लिए रहा है। जिसने देश को खलिस्तान नहीं बनने दिया। उस पार्टी (कांग्रेस) का अकाउंट बंद कर दिया और वह पार्टी चुनाव के मैदान में जा रही है, कैसे वह चुनाव लड़ पाएगी। कांग्रेस इस बार साथ चल रही है, क्योंकि कमी है खाते बंद हो गए हैं। जनता भी समझ गई है कि कांग्रेस के पास पैसा नहीं है। इसलिए साथ दे रही है। हर दिन हमारे पक्ष में हवा बनती जा रही है। कार्यकर्ता भी समझ गए हैं कि कैंडिडेट के पास पैसा नहीं है, एआईसीसी दे नहीं पा रही है। इसलिए कोई भी पैसा नहीं मांग रहा है।

### केंद्रीय मंत्रियों ने राजस्थान के लिये कुछ नही किया

जनसभा में पूर्व सीएम ने ईआरसीपी के मुद्दे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- भाजपा की सरकार बनते ही एक टूटा-फूटा समझौता कर लिया। और आपस में ही आभार व्यक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ईआरसीपी को लेकर अजमेर में बोलकर गए थे। इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी। वसुंधरा राजे भी उस समय मौजूद थी। हमारे जोधपुर के एमपी हैं गजेंद्र सिंह शेखावत, जो पानी के मंत्री हैं। वो ईआरसीपी लागू नहीं करवा पाए देश के अंदर, पूरा पैसा दिल्ली से मिलता है। जिन्होंने कुछ काम नहीं किया। ऐसे कैसे काम चलेगा, राजस्थान के साथ बहुत अन्याय हो रहा है। यमुना का पानी झुंझुनू में, यह भी नाटक है। आपको राजस्थान के 24 सांसदो से सवाल करना चाहिए कि उन्होंने क्या-क्या किया राजस्थान में।








### रीजन चेयरपर्सन विकास खटोड़ की रीजन कान्फ्रेंस रही शानदार...


**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** लायन्स क्लब रीजन-4 की रीजन कान्फ्रेन्स रीजन चेयरपर्सन विकास खटोड़ की अध्यक्षता में अभूतपूर्व रही हैं। प्रान्त के रीजन में अव्वल रही। जिसका मुख्य आकर्षण प्रान्त के वर्तमान एवं पूर्व प्रान्त पाल रहे। बैनर प्रेजेंटेशन शानदार रहा हैं। पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन मीनू भारतीय, विकास खटोड़ एवं वर्षा खटोड़ का शाल-साफा एवं अयोध्या से लाये भगवान राम की मूर्ति भेंटकर अभिनन्दन किया।

रामनवमी के अवसर पर

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं

**खबरों की दुनिया**

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामनवमी (17 अप्रैल) के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम घट- घट में व्याप्त हैं। उनका पूरा जीवन ही आदर्श का अनुपम उदाहरण है।



उन्होंने कहा कि अवतार के रूप में भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता, सदाचार, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान श्री राम से सभी के लिए सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की है।

## भाजपा संकल्प पत्र को पूरा करेगी, संयोजक दलों कि तरह थोथी घोषणा नहींः विनय सहस्त्रबुद्धे

### टोंक में भाजपा के मीडिया सेंटर का हुआ उद्घाटन

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** राजस्थान लोकसभा प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने मंगलवार को भाजपा मीडिया सेन्टर का शुभारंभ किया । उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि एक जमाना था, जब विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय जो घोषणा पत्र जारी किया जाता था, उस पर जनता भरोसा करती थी, लेकिन कुछ दलों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादों को नहीं निभाने के कारण घोषणा पत्र महत्वहीन हो गये, लेकिन भाजपा जो वादे घोषणा पत्र में करती है, उन्हें पूरा करने के प्रयास करती है। भाजपा की विशेषता है कि हम जो वादे करते है, उन्हें पूरा करके चुनाव के समय जनता के बीच जाते है। हम जनता के प्रति जवाबदेह मानते है। इस लोकसभा चुनाव में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र राष्ट्र को समर्पित किया है। भाजपा का घोषणा पत्र 25 वर्षो के विजन के साथ देश की जनता के सामने लाया गया है, जिसमें दस सामाजिक वर्गो को सम्बोधित किया गया है।उन्होंने कहा कि दस विभिन्न सेवाओं के लिए क्या करेगें, उसका उल्लेख है, इसमें युवा, किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों एवं वंचित वर्ग के लिए किये जाने वाले कार्यो का समावेश किया गया है। साथ ही 14 विषयों का विवरण के साथ सुरक्षित भारत एवं विकसित भारत कैसे बने उल्लेख किया गया है।



उन्होंने कांग्रेस को कोसते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है कि इस बार 400 पार का नारा इसलिए लगाया गया है कि भाजपा भारत के संविधान को बदलना चाहती है, जो सर्वथा झूंठ है, भारत के संविधान को कोई ताकत बदल नहीं सकती। हमने विगत दस वर्षो में जो वादे किये है, उन्हें पूरा किया गया है, जिसके कारण एक बार फिर भाजपा को स्वीकारेगी तथा नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ ग्रहण करेगें। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, जिला प्रमुख सरोज बंसल, लोकसभा संयोजक नरेश बंसल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, पूर्व सफाई आयोग सदस्य दीपक संगत, शिक्षाविद् बाबूलाल शर्मा, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, शैलेन्द्र जैन, बीना जैन छामुनिया, जूली शर्मा, बाबूलाल गुनसारिया, कैलाश चावला, सीताराम चावड़ा, ओम पांडे, मीडिया संयोजक राहुल देव शर्मा, रामगोपाल चौधरी, एड. निखिल गुप्ता, शंकरलाल विजय, अनिल टिक्कीवाल आदि मौजूद थे।



# लायन्स क्लब विद्याधर नगर की 10वीं वर्षगांठ अरुणा ओसवाल के मुख्य-आतिथ्य में सम्पन्न











**जयपुर (खबरों की दुनिया)**

लायन्स क्लब विद्याधर नगर की 10वीं वर्षगांठ पीआईडी लायन अरूणा ओसवाल के मुख्य-आतिथ्य में सम्पन्न हुई। क्लब मेन्टोर पूर्व एम.एम.सी. शकुन्तला गोयल, पूर्व प्रान्त पाल आलोक अग्रवाल, सहप्रान्तपाल प्रथम सुनील अरोड़ा समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। लायन पंकज पुलसरिया, लायन पवन अग्रवाल, लायन अजय अग्रवाल ने क्लब के 10वर्ष के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डाला। पूर्व रीजन चेयर परसन मीनू भारतीय का भी साफा बांधकर अभिनन्दन किया।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक **अजय भारतीय** द्वारा आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं आकाशदीप सेक्टर-11 अग्रवाल फार्म, जयपुर से प्रकाशित। **सम्पादक :** एल. सी. भारतीय **मोबाइलः** 9829061123 **फोन :** 0141-2397778